हिन्दी दैनिक

# न्यूज गाइड

RNI No- UPHIN/2008/28258

आपका देश आपकी बात...



वर्षः 14, अंकः 51 पृष्ठ :8

www.newsguide.co.in E-mail : newsguidelko@gmail.com लखनऊ, शुक्रवार 9 दिसम्बर, 2022 मूल्य 1.50

## हिमालय और उत्तराखंड भारतीयों की अंतरात्मा में बसे हुए हैंः राष्ट्रपति

### राष्ट्रपति ने 2001.94 करोड़ की 9 विकास योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया

एजेंसी

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि हिमालय और उत्तराखंड भारतीयों की अंतरात्मा में बसे हुए हैं। आध्यात्मिक शांति और शारीरिक उपचार दोनों ही दृष्टियों से उत्तराखंड कल्याण का स्रोत रहा है। आधुनिक एवं आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्रों में उत्तराखंड निरंतर अपनी परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए नए-नए संस्थान भी स्थापित कर रहा है। गुरुवार की रात्रि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का पहली बार उत्तराखण्ड आगमन पर मुख्यमंत्री आवास में नागरिक अभिनन्दन किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देव-भूमि, तपोभूमि और वीर-भूमि उत्तराखंड में आना, मैं अपना सौभाग्य मानती हूं। हिमालय को महाकवि कालिदास ने 'देवात्मा' कहा है। राष्ट्रपति के रूप में हिमालय के आंगन, उत्तराखंड में, आप सब के अतिथि-सत्कार का उपहार प्राप्त करके, मैं स्वयं को कृतार्थ मानती हूं। राष्ट्रपति ने विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से लोगों के लिए जन-सुविधाएं बढ़ेंगी। साथ ही इन परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास की इस यात्रा में उत्तराखंड के परिश्रमी और प्रतिभाशाली निवासियों का महत्वपूर्ण योगदान है। हमारी परंपरा में नगाधिराज हिमालय के क्षेत्र में रहने वाले लोगों को देवताओं का वंशज माना गया है। इस प्रकार उत्तराखंड के भाई-बहन एक दिव्य परंपरा के वाहक हैं। आप सबके बीच आकर मैं विशेष प्रसन्नता का अनुभव कर रही हूं। उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता और यहां के लोगों के प्रेमपूर्ण व्यवहार ने स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी से लेकर प्रकृति के सुकुमार कवि, सुमित्रानंदन पंत को मंत्रमुग्ध किया था। इस प्राकृतिक सुंदरता को बचाते हुए ही विकास के मार्ग पर हमें आगे बढ़ना है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत माता की धरती के बहुत बड़े भाग को निर्मित और सिंचित करने वाली नदी-माताओं के स्रोत उत्तराखंड में हैं। हिमालय और उत्तराखंड भारत-वासियों की अंतरात्मा में बसे हुए हैं। हमारे ऋषि-मुनि ज्ञान की तलाश में हिमालय की गुफाओं और कंदराओं में आश्रय लेते रहे हैं। यह लोक-मान्यता है कि लक्ष्मण जी के उपचार के लिए इसी क्षेत्र के द्रोण-पर्वत को 'संजीवनी बूटी' सहित हनुमान जी ले कर गए थे। इस तरह आध्यात्मिक शांति और शारीरिक उपचार दोनों ही दृष्टियों से उत्तराखंड कल्याण का स्रोत रहा है। उत्तराखंड में नेचुरोपैथी के अनेक प्रसिद्ध केंद्र हैं, जहां देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोग आकर स्वास्थ्य-लाभ करते हैं। उत्तराखंड में नेचर टूरिज्म और एडवेंचर टूरिज्म के साथ-साथ मेडिकल टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। इससे युवाओं में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वयं पर्वतराज हिमालय और उत्तराखंड के शूरवीर लोग भारत माता के प्रहरी भी रहे हैं। हमारे वर्तमान सीडीएस जनरल अनिल चौहान जी उत्तराखंड के ही सपूत हैं। भारत के प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत जी भी इसी धरती की विभूति थे। 1990 के दशक में जनरल बिपिन चंद्र जोशी ने चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ के रूप में भारत माता की सेवा की थी। कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा करने वाले मेजर राजेश सिंह अधिकारी और मेजर विवेक गुप्ता का बलिदान सभी देशवासी हमेशा याद रखेंगे।



## गुजरात में प्रचण्ड में बहुमत से भाजपा की सरकार

### मंत्रिमंडल के एक मंत्री को छोड़ सभी 19 मंत्री जीते, भूपेन्द्र पटेल 12 को लेंगे शपथ

एजेंसी

**अहमदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी ने गुजरात विधानसभा चुनाव में लगातार सातवीं बार जीत हासिल की है। राज्य में भाजपा अब तक 182 सीटों में से 152 सीट जीत चुकी है और चार पर आगे चल रही है। इसके साथ ही भाजपा ने राज्य विधानसभा चुनाव में अब तक सर्वाधिक सीटें जीतने का भी रिकॉर्ड बनाया है। इस चुनाव में राज्य में पहली बार आम आदमी पार्टी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। वहीं कांग्रेस का सबसे अधिक नुकसान हुआ है। इस चुनाव में कांग्रेस 16 और आम आदमी पार्टी (आप) ने पांच सीटों पर जीत दर्ज की है। इसके अलावा तीन अन्य लोगों ने जीत दर्ज की है। एक सीट पर समाजवादी पार्टी का उम्मीदवार भी जीता है। राज्य विधानसभा चुनाव की मतगणना शुरू से शुरू हुई। गुजरात विधानसभा चुनाव में इस बार भाजपा की प्रचंड जीत हुई है। भाजपा ने दो तिहाई बहुमत से भी अधिक सीटें जीती हैं। भूपेन्द्र पटेल मंत्रिमंडल के 20 में से 19 मंत्री चुनाव जीतने में सफल हुए हैं। खबर लिखे जाने तक भाजपा 152 सीट जीत चुकी है और 4 पर आगे चल रही है। कांग्रेस 16 पर जीत चुकी और 1 पर आगे है। आम आदमी पार्टी 5 सीट जीत चुकी है। समाजवादी पार्टी ने 1 सीट पर जीत दर्ज की है। अन्य 3 सीटों पर निर्दलीय जीते हैं। समाजवादी पार्टी के कांधल जाडेजा पोरबंदर जिले के कुतियाणा सीट से जीत गए हैं। वे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से टिकट न मिलने पर समाजवादी पार्टी के चुनाव चिह्न पर चुनाव मैदान में थे। इसके अलावा एआईएमआई एम के प्रमुख असादुदीन ओवैसी ने 13 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए थे, लेकिन उनमें से एक भी जीत नहीं पाए। चुनाव मे पाटीदार आरक्षण आंदोलन के चेहरे हार्दिक पटेल और ओबीसी आंदोलन के नेता अल्पेश ठाकोर भी भाजपा की टिकट पर चुनाव जीतने में सफल रहे। मोरबी झूलता पुल कांड के बाद भी यहां से भाजपा के कांति अमृतिया चुनाव जीतने में सफल हुए हैं। वडोदरा के वाघोडिया सीट पर बाहुबली उम्मीदवार मधु श्रीवास्तव चुनाव हार गए हैं। इस बार भाजपा को आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में भी अच्छी सफलता मिली और जिन छह सीटों को वह आज तक नहीं जीत पाई थी, उस पर भी वह विजय पताका फहराने में सफल रही। भाजपा की इस प्रचंड जीत के बाद पूरे राज्य में भाजपा कार्यालयों पर जश्न शुरू हो गया। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ ढोल नगाड़ों पर उत्सव मनाया। जीत के बाद मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल गांधीनगर स्थित प्रदेश कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया।



## उपचुनाव में पार्टी की संभावित प्रचंड जीत से भावुक हुए अखिलेश–शिवपाल

### मुलायम की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर टेका माथा

संवाददाता

**इटावा।** मैनपुरी लोकसभा सीट के लिए उपचुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) की संभावित प्रचंड जीत से भावुक पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने पिता मुलायम सिंह यादव की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए, वहीं इससे पहले शिवपाल सिंह यादव ने अपने बड़े भाई मुलायम सिंह यादव की समाधि पर पुष्पाजंलि अर्पित की। बाद में अखिलेश ने चाचा शिवपाल को सपा का झंडा भेंट कर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) के सपा में विलय का साफ संकेत दिया। पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के कारण मैनपुरी में उपचुनाव हुआ। इस सीट पर अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को बतौर प्रत्याशी उतारा गया था। पिछले मनमुटाव को भुला कर प्रचार के दौरान पूरा यादव परिवार एकजुट नजर आया था और सबने एक सुर में नेता जी (मुलायम सिंह यादव) के नाम पर वोट की अपील की थी। इस अपील का असर इस कदर हुआ कि सपा न सिर्फ अपने गढ़ को बचाने में सफ्ल रही बल्कि गुरूवार को हो रही मतगणना में इस सीट पर रिकार्ड जीत की ओर अग्रसर हो रही है। सपा की प्रचंड जीत से प्रफुल्लित और भावुक शिवपाल सिंह यादव सबसे पहले अपने पुत्र आदित्य यादव के साथ नेता जी की समाधि स्थल पहुंचे और मुलायम के चित्र के आगे हाथ जोड़ कर कुछ समय तक खड़े रहे। इस दौरान उनके चेहरे पर सुकून के भाव स्पष्ट नजर आ रहे थे। बाद में उन्होने ट्वीट किया कि यह जीत नेताजी के आशीर्वाद और आदर्श की है। शिवपाल के समाधि स्थल से रवाना होने के कुछ समय बाद पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने पिता मुलायम की समाधि पर आए और आंख मूंद कर उनके चित्र के आगे खड़े हो गए। इस दौरान उन्होने वहां खड़े जनसमूह का हाथ हिला कर अभिवादन किया मगर मीडिया से बात करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। बाद में वह सैफई स्थित एसएन मेमोरियल स्कूल पहुंचे जहां उनके चाचा एवं प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) अध्यक्ष शिवपाल मौजूद थे।




### समकालीन, डिजिटल कला पर केंद्रित 'भारत कला मेला' नौ फरवरी से शुरू होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत कला मेला (इंडिया आर्ट फेयर) यहां नौ फरवरी से शुरू होगा। मेला आधुनिक कलाकारों के साथ-साथ समकालीन और डिजिटल कलात्मक प्रतिभा पर विशेष रूप से केंद्रित होगा। बीएमडब्ल्यू इंडिया के साथ साझेदारी में आयोजित इस मेले में ओखला के एनएसआईसी मैदान में 72 वीथियों और 12 संस्थानों सहित 86 प्रदर्शनी-कर्ता हिस्सा लेंगे। कला वस्तु संग्राहकों, क्यूरेटरों और कला पेशेवरों के लिए बैठक स्थल पर मेले के 'डिजिटल आर्टिस्ट इन रेजिडेंस' कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाला एक स्टूडियो भी होगा। मेले की निदेशक जया अशोकन ने कहा, ÷2023 में मेले का पैमाना और विविधता भारत और दक्षिण एशिया में समकालीन और आधुनिक कला बाजार के विस्तार के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बढ़ती दिलचस्पी को दर्शाना है।÷ उन्होंने कहा, ÷हमें अपने सभी कलाकारों पर विशेष रूप से गर्व है जो समकालीन और पारंपरिक कलाओं या डिजिटल नवाचार की सीमाओं का परीक्षण कर रहे हैं।

## जिम्बाब्वे का भरोसेमंद साझेदार होने पर भारत को गर्व है : लोकसभा अध्यक्ष

### जिम्बाब्वे संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** गुरुवार को जिम्बाब्वे नेशनल असेंबली के अध्यक्ष एडवोकेट जैकब मुडेंडा के नेतृत्व में वहां के एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। इस अवसर पर बोलते हुए बिरला ने कहा कि भारत और जिम्बाब्वे के बीच ऐतिहासिक रूप से घनिष्ठ एवं मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंध हैं। दोनों देशों के बीच नियमित रूप से उच्च स्तरीय दौरे होते रहे हैं और जिम्बाब्वे के साथ भारत के आर्थिक संबंधों में प्रगति हो रही है। उन्होंने कहा कि जिम्बाब्वे का भरोसेमंद साझेदार होने पर भारत को गर्व है। यह मजबूत नींव हमारे द्विपक्षीय संबंधों का आधार है जिनका विस्तार राजनीतिक, आर्थिक, व्यापार और निवेश के साथ सांस्कृतिक, दूतावास स्तरीय और विकासात्मक सहयोग जैसे क्षेत्रों में हुआ है। लोकसभा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि दोनों देशों की संसदों के बीच परस्पर सकारात्मक और सहयोगपूर्ण संबंध रहे हैं और उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में दोनों संसदों के बीच और अधिक घनिष्ठ संबंध बनेंगे। दोनों लोकतान्त्रिक देशों के बीच परस्पर बहुआयामी सहयोग पर बोलते हुए बिरला ने कहा कि ये सम्बद्ध और विकसित और प्रगाढ़ हों तथा भविष्य में भी हमारी दोनों संसदों के बीच अधिक से अधिक परिचर्चा और संवाद को प्रोत्साहित करना चाहिए। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बिरला ने कहा कि मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में भारत जिम्बाब्वे को प्रति वर्ष 200 से अधिक आईटीईसी स्लॉट प्रदान करता है और आईटीईसी और आईसीसीआर छात्रवृत्तियां जिम्बाब्वे के लोगों के बीच लोकप्रिय हैं। जिम्बाब्वे से बड़ी संख्या में छात्र शिक्षा प्राप्त करने भारत आते हैं। भारत जिम्बाब्वे के लिए मेडिकल टूरिज्म में भी एक महत्वपूर्ण पार्टनर है। उन्होंने मेडिकल टूरिज्म के साथ नए क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया । बिरला ने दोनों देशों के बीच पीपल टू पीपल संपर्कों को बढ़ाने के लिए सहयोग के नए क्षेत्रों जैसे पर्यटन, ज़िम्बाब्वे में अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन, जैसे क्षेत्रों में काम करने पर जोर दिया। भारत की गौरवशाली संसदीय परंपरा पर आगे बोलते हुए बिरला ने कहा कि भारत एक सुदृढ़, जीवंत और दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है जो इस देश की 1.3 बिलियन आबादी का प्रतिनिधित्व करता है और उसकी आशाओं और आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करता है। भारत की संसद में में एक मजबूत समिति प्रणाली कार्य करती है, जो कि भारत सरकार के विभिन्न विभागों के बजट एवं अन्य महत्वपूर्ण नीतियों तथा योजनाओं की जांच में संसद की सहायता करती है। हमारी संसदीय समितियाँ मिनी संसद के रूप में कार्य करती हैं। इससे पहले दिन में बिरला ने लोकसभा में जिम्बाब्वे संसदीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया।



## भूपेंद्र चौधरी बोले, जो पार्टी वर्कर हैं केवल वही लड़ेंगे चुनाव

एजेंसी



**मुरादाबाद।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह बुधवार को मुरादाबाद पहुंचे। निकाय चुनावों में टिकट बंटवारे को लेकर पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि भाजपा परिवारवाद और वंशवाद के खिलाफ है। टिकट बंटवारे में इसे बढ़ावा नहीं देगी। पार्टी ने चुनावों से लेकर संगठन तक के सभी फैसले हमेशा कार्यकर्ताओं के आधार पर लिए हैं। चुनाव भी वही लड़ेंगे जो पार्टी के कार्यकर्ता हैं। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह से शुरू होकर उनके बेटे अखिलेश के पास चली गई। बसपा अपना उत्तराधिकारी ढूंढ रही है और कांग्रेस गांधी परिवार तक सिमटी है। भाजपा हमेशा अपने कार्यकर्ता के आधार पर चुनाव लड़ती है। सपा, और संगठन में काम भी हम कार्यकर्ता के आधार पर ही काम करते हैं। भूपेंद्र सिंह ने कहा, निश्चित रूप से कुछ हमारे कार्यकर्ता राजनीतिक परिवार से जुड़े हैं। भाजपा कार्यकर्ता के रूप में यदि किसी परिवार का कोई व्यक्ति काम कर रहा है तो पार्टी उसके बारे में विचार करेगी। लेकिन ऐसा नहीं है कि नेतृत्व उसे सौंप दिया जाए। जो कार्यकर्ता हैं वो चुनाव लड़ सकते हैं और हम इस आधार पर ही आगे भी बढ़ेंगे। मीडिया से बातचीत में कुछ परिवारों की ओर से टिकट के दावों पर भूपेंद्र सिंह ने कहा कि, भाजपा लोकतांत्रिक पार्टी है और टिकट पर दावा करने का अधिकार सभी कार्यकर्ताओं को है। लेकिन इस बारे में अंतिम निर्णय पार्टी ही लेगी कि, मेयर का टिकट किसे दिया जाएगा।

## भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 4,244 हुई

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 241 नए मामले सामने आने के बाद देश में अब तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,46,74,190 हो गई, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 4,244 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से मौत के मामले बढ़कर 5,30,647 हो गए हैं। पिछले 24 घंटे में कर्नाटक में संक्रमण से मौत के दो और केरल में एक मामला सामने आया, जबकि संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुनरूमिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से जान गंवाने वाले मरीजों की सूची में छह नाम और जोड़े। अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना वायरस संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 4,244 रह गई है, जो कुल मामलों का 0.01 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 11 की कमी दर्ज की गई है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.80 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,41,39,299 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 219.95 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

### 10 साल में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल किया, गुजरात के लोगों के शुक्रगुजार हैंः संजय सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी ने महज 10 साल में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल किया और इसके लिए उन्होंने गुजरात की जनता का शुक्रिया अदा किया। सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी के नेताओं ने कड़ी मेहनत की और ÷हम गुजरात के लोगों के शुक्रगुजार हैं जिनकी वजह से हमें यह पहचान मिली। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, ÷आप सिर्फ 10 साल में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करने में कामयाब रही। यही इस पार्टी के विकास की गति है। हमें गुजरात में करीब 35 लाख वोट मिले। सभी नेताओं ने कड़ी मेहनत की और गुजरात के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने कहा, ÷गुजरात को भाजपा का मजबूत गढ़ माना जाता है, फिर भी आप 35 लाख वोट हासिल करने में कामयाब रही। भाजपा गुजरात में भारी जीत की ओर अग्रसर दिखाई दे रही है क्योंकि नवीनतम रुझानों से पता चलता है कि पार्टी इस महीने की शुरुआत में राज्य की 182 विधानसभा सीटों पर हुए चुनाव में 155 सीटों पर आगे चल रही थी।

## छावला कांड में दोषियों को बरी करने के फैसले पर पुनर्विचार के बारे में निर्णय लेगा न्यायालय



एजेंसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2012 में दिल्ली के छावला इलाके में 19 साल की लड़की से सामूहिक दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में तीन दोषियों को बरी करने के उसके सात नवंबर के फैसले पर पुनर्विचार वाली याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने के बारे में वह फैसला करेगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने एक वकील की इन दलीलों पर संज्ञान लिया कि पुनर्विचार याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। वकील ने कहा, ''यह अत्यंत महत्वपूर्ण मामला है जिसने जनता के विश्वास को झकझोर दिया है। तत्काल सूचीबद्ध करने की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''मैं इसका अध्ययन करने के बाद फैसला करुंगा। शीर्ष अदालत ने छावला मामले में निचली अदालत द्वारा दोषियों को सुनाई गयी मौत की सजा को कायम रखने के दिल्ली उच्च न्यायालय के 26 अगस्त, 2014 के आदेश को रद्द कर तीनों को गत सात नवंबर को बरी कर दिया था। शीर्ष अदालत के फैसले पर पुनर्विचार के लिए हाल में अनेक याचिकाएं दाखिल की गयी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस अधीक्षक दिनेश पी का तबादला, नए एसपी होंगे अतुल शर्मा

**पीलीभीत, (यूएनएस)।** जिले में तैनात पुलिस अधीक्षक दिनेश पी का शासन द्वारा बुधवार को तबादला कर दिया गया है। दिनेश पी अब गाजियाबाद में पुलिस उपायुक्त की जिम्मेदारी संभालेंगे। अपने तेज तर्रार रवैये के लिए सुर्खियों में रहने वाले पुलिस अधीक्षक दिनेश पी के बेहतर कार्यकाल की सोशल मीडिया पर जमकर प्रशंसा हो रही है। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट की जिम्मेदारी संभाल रहे अतुल शर्मा को पीलीभीत का नया एसपी बनाया गया है। अतुल शर्मा भी अपने तेज तर्रार रवैए के चलते सुर्खियों में रहते हैं। उम्मीद है कि एक-दो दिन में ही अतुल शर्मा पीलीभीत के पुलिस अधीक्षक पद का कार्यभार संभालेंगे। तेज तर्रार आईपीएस अफसरों में गिने जाने वाले दिनेश प्रभु ने पीलीभीत में कार्यकाल संभालते हुए कई अहम फैसले लिए उनके पुलिसिंग की भी सोशल मीडिया पर जमकर प्रशंसा हो रही है। दिनेश पी के पीलीभीत में रहते हुए कई बड़ी घटनाओं के खुलासे हुए, जिसके बाद शासन ने उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें पुलिस उपायुक्त गाजियाबाद के पद पर स्थानांतरित किया है। चित्रकूट से स्थानांतरित होकर पीलीभीत आए अतुल शर्मा के लिए आगामी नगर निकाय के चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना बड़ी चुनौती होगी। इसके साथ ही जिले के लॉ एंड ऑर्डर को बनाए रखना भी पुलिस अधीक्षक के लिए चुनौती है पीलीभीत वरुण गांधी का लोकसभा क्षेत्र है। ऐसे में यहां अक्सर वीआईपी मूवमेंट भी बना रहता है। बात अगर पीलीभीत के क्षेत्रफल व बॉर्डर एरिया की करें तो यहां की सीमाएं नेपाल से भी जुड़ती हैं। ऐसे में तस्करी पर लगाम लगा पाना भी नवागत पुलिस अधीक्षक के लिए बड़ी चुनौती है।

### बीच सड़क युवक को चप्पल से पीटा

**पीलीभीत, (यूएनएस)।** जिले में स्कूटी और मोटरसाइकिल की मामूली टक्कर के बाद दबंगों द्वारा एक ग्रामीण को पीटे जाने का मामला सामने आया है। फिलहाल पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। दरअसल, पीलीभीत के बिलसंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोहनापुर गांव में एक स्कूटी और मोटरसाइकिल की बीच सड़क पर ही टक्कर हो गई थी। टक्कर के बाद स्कूटी सवार महिला और बाइक सवार युवक सड़क पर गिर गए। मामूली टक्कर के बाद स्कूटी सवार महिला और उसके बेटे ने देखते ही देखते युवक को बाइक सवार युवकों को पीटना शुरू कर दिया। दो युवकों की बीच सड़क पर ही दबंग महिला और उसके बेटे द्वारा पिटाई की गई। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जब दबंग महिला और उसके बेटे द्वारा दो युवकों को चप्पलों से पीटे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस हरकत में आ गई। बिलसंडा पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। थाना अध्यक्ष अचल कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट की जानकारी मिली थी। मामले की जांच कराई जा रही है।

### रेलवे ने बेटिकट यात्रियों से वसूला 3.64 करोड़ जुर्माना

**मुरादाबाद, (यूएनएस)।** रेलवे ने मुरादाबाद रेल मंडल में बेटिकट यात्रा कर रहे मुसाफिरों से साढ़े तीन करोड़ से अधिक का जुर्माना वसूल किया है। डीआरएम अजय नंदन के आदेश पर रेलवे ने पूरे डिवीजन में ट्रेनों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कुल 67321 यात्रियों से जुर्माना वसूल किया गया है। इसमें अधिकतर यात्री बिना टिकट थे, जबकि कुछ यात्री अपने टिकट से ऊपर वाली श्रेणी में यात्रा करते पकड़े गए। रेलवे ने पूरे नवंबर माह में चले अभियान में तीन करोड़ 64 लाख 99 हजार 925 रुपये का जुर्माना रेल यात्रियों से वसूल किया है। पूरा अभियान मुरादाबाद रेल डिवीजन के सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह के नेतृत्व में पूरे नवंबर माह में चला। इस दौरान ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर व्यापक रूप से रेलवे की टीमों ने टिकट चेकिंग की। सीनियर डीसीएम की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार इस दौरान रेलवे ने कुल 67,321 यात्रियों से जुर्माना वसूल किया। इसमें बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए 34,526 अनाधिकृत यात्रियों से दो करोड़ 24 लाख,54 हजार 860 रुपये वसूल किए गए। 24,449 अनियमित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़े गए यात्रियों से एक करोड़, 15 लाख 62हजार 350 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। बिना बुक कराए सामान ले जा रहे 6 यात्रियों से 4245 रुपये और गंदगी फैलाने वाले 207 यात्रियों से 37500 रुपये जुर्माना रेलवे ने वसूला है। धूम्रपान करते हुए पकड़े गए 15 यात्रियों से 3000 रुपये का फाइन वसूला गया है। अन्य मदों में रेलवे ने 8118 यात्रियों से 24,37,970 रुपये वसूल किए हैं।

### प्रभारी प्रिंसिपल और लेक्चरर की सेवा समाप्त, कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई

**अलीगढ़ (यूएनएस)।** जिले के श्रीमहेश्वर इंटर कालेज में प्रभारी प्रिंसिपल व एक लेक्चरर की सेवा समाप्त कर दी गई है। कोर्ट के आदेश के बाद प्रबंध समिति ने दोनों को तत्काल कार्यमुक्त कर दिया है और नए प्रिंसिपल को भी कार्यभार ग्रहण करा दिया है। श्रीमहेश्वर इंटर कालेज में लंबे समय से प्रिंसिपल और प्रबंध समिति के बीच विवाद चल रहा था। जिसके चलते दोनों पक्ष कोर्ट पहुंचे थे और मामला लगातार विचाराधीन था। अब प्रबंध समिति ने कोर्ट के आदेशों के बाद कार्यवाही की है और कालेज के पुराने प्रिंसिपल को ही दुबारा कार्यभार सौंपा है। प्रबंधन ने कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए लेक्चरर (प्रभारी प्रिंसिपल) कौशलेंद्र कुमार और लेक्चरर राजकुमार की सेवा समाप्त की है। जिसके बाद उन्होंने कालेज के लेक्चरर विनोद कुमार को प्रिंसिपल का चार्ज दिया है। दोनों पक्षों के बीच 1991 से विवाद चल रहा है और मामला कोर्ट में विचाराधीन था। इससे पहले भी प्रबंध समिति ने विनोद कुमार को ही प्रिंसिपल बनाया था, जिसके बाद मामला कोर्ट में गया था। पहली रिट 1991 में डाली गई थी। जिसके बाद अन्य रिट हुई, जिसके आधार पर कौशलेंद्र कुमार पिछले कई दशकों से नौकरी कर रहे थे और वेतन भी ले रहे थे। अब प्रबंध समिति ने पहली रिट को आधार बनाकर कार्रवाई की है। श्रीमहेश्वर इंटर कालेज के प्रभारी प्रिंसिपल रहे कौशलेंद्र कुमार की सेवा समाप्त की जा चुकी है। लेकिन उनके रिटायरमेंट में सिर्फ 3 महीने ही शेष रह गए थे। ऐसे में प्रिंसिपल का उनका आरोप है कि जानबूझकर प्रबंध समिति ने उन्हें परेशान करने के लिए ऐसा किया है। उन्होंने बताया कि कोर्ट के आदेश पर ही उन्होंने सालों तक नौकरी की है और जोनल कमेटी में विभिन्न अधिकारियों ने बैठक करके उनका विनियमितीकरण हुआ था। जिन आदेशों को समिति ने आधार बनाया है, उसके बाद भी कोर्ट ने दूसरा आदेश दिया था। उन्होंने बताया कि वह अधिकारियों से मिलकर उन्हें सारा प्रकरण बताएंगे। जिससे न्याय संगत कार्रवाई हो सके।

### प्रवर्तन निदेशालय का गायत्री प्रजापति के खिलाफ एक्शन, लखनऊ और अमेठी में करोड़ों की संपत्ति जब्त

**लखनऊ, (यूएनएस)।** उत्तर प्रदेश में जेल में बंद पूर्व खनन मंत्री गायत्री प्रजापति की मुश्किलें और भी बढ़ती ही जा रही है। इसी बीच एक ताजा मामला सामने आया है, जिसमें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व खनन मंत्री पर शिकंजा कसा है और उसकी लखनऊ और अमेठी में करोड़ों की जमीन को कब्जे में कर लिया है। इस दौरान ईडी ने संपत्तियों पर कार्रवाई करते हुए अपना बोर्ड लगाया है। बता दें कि पूर्व खनन मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति इन दिनों गैंगरेप के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे हैं। उनके जेल में होने के बाद भी लखनऊ के मोहनलालगंज में ईडी पूर्व मंत्री की बेनामी संपत्तियों की छानबीन कर रही थी। इससे पहले भी मोहनलालगंज में तीन जगहों पर उनकी जमीनें जब्त की जा चुकी हैं। बुधवार को मऊ गांव की जमीनों को जब्त कर लिया है। इस कार्रवाई के दौरान लखनऊ के मोहनलालगंज में जहां करोड़ों की कीमत वाली चार बीघा जमीन जब्त की गई है, वहीं अमेठी में उनके कब्जे वाले पांच भूखंडों को कब्जे में किया गया है। दोनों जिलों में ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) के अधिकारियों ने तहसील प्रशासन के साथ मिलकर यह कार्रवाई की है। महमूदपुर के बाद ईडी की टीम हलका लेखपाल के साथ पूर्व मंत्री के पैतृक गांव परसावां पहुंची। यहां टीम ने जमीन पर अपना बोर्ड लगा दिया। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने स्थानीय तहसील प्रशासन की मौजूदगी में सभी भूखंडों को कब्जे में लेते हुए अपना बोर्ड लगा दिया है। इस बोर्ड पर उप निदेशक प्रवर्तन निदेशालय के आदेश के हवाले से लिखा है कि, धन शोधन निवारण अधिनियम-2002 (पीएमएलए) की धारा- 8(4)के तहत यह संपत्ति ईडी भारत सरकार के कब्जे में है। इसका किसी प्रकार का अंतरण अवैध होगा तथा अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# लेवाना होटल को गिराने की कार्रवाई टल सकती है

**होटल प्रबंधन ने एलडीए को पत्र में कहा, अंतिम डेट 9 की जगह 14 दिसंबर होनी चाहिए**

**लखनऊ।** लेवाना होटल गिराने के लिए एलडीए ने 9 दिसंबर का समय दिया है। इसमें अब एक दिन शेष बचा है। हालांकि यह कार्रवाई अब 14 दिसंबर या उससे आगे के लिए भी टल सकती है। दरअसल, होटल प्रबंधन ने एलडीए को पत्र दिया है कि उनके जो नोटिस रिसीव हुई है। उसके हिसाब से अंतिम तारीख 14 दिसंबर होनी चाहिए। चुकी यह पत्र प्रबंधन ने अपने वकीलों के माध्यम से भेजा है। ऐसे में अब एलडीए भी कानूनी सलाह में लेने में जुट गया है, जिससे की कोई परेशानी न आए। एलडीए वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि अभी तक उनकी तरफ से 9 दिसंबर का डेट तय है। मगर, अब उस पत्र के बाद वह राय ले रहे है। दूसरी तरफ 7 दिसंबर को कोर्ट में होटल को लेकर होने वाली सुनवाई टल गई है। जानकारों का कहना है कि होटल



गिराने से पहले एलडीए कोई भी जल्दबाजी नहीं करना चाहता है। दरअसल, प्रयागराज में ऐसे ही एक कार्रवाई कर दी गई थी, जिसमें अब कोर्ट के प्रति वहां प्राधिकरण और जिला प्रशासन की जवाबदेही बढ़ गई है। मामले में फटकार भी लगाई गई है। सीएम योगी पहले ही इस मामले में बड़ी कार्रवाई की बात कर चुके हैं। दो सितंबर को आग लगने की वजह से चार लोगों की मौत हो गई थी। उसके अलावा 19 लोग घायल हो गए थे। यहां सुबह 7 बजे होटल लेवाना की तीसरी मंजिल पर भीषण आग लग गई थी। 24 लोगों को होटल से रेस्क्यू किया गया। करीब 9 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला। हादसे के वक्त होटल में करीब 30 लोग मौजूद थे। यहां होटल का नक्शा पास नहीं था। इसको लेकर एलडीए की तरफ से केवल नोटिस देने की कार्रवाई की गई थी। यहां तक की लेवाना के मालिक का जनपथ स्थित होटल का नक्शा भी पास नहीं था। आग इतनी बड़ी थी कि मरीजों से मिलने के लिए सीएम योगी और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी पहुंचे थे। उन्होंने मौके पर ही हादसे की जांच के आदेश दिए थें। इसके बाद होटल को सील कर दिया गया है। जांच में पता चला कि होटल लेवाना बिना नक्शा पास कराए चल रहा था। गणेशगंज के सराय फाटक पर रहने वाले गुरनूर आनंद अपनी मंगेतर साहिबा कौर के साथ इस होटल में ठहरे थे। अग्निकांड के बाद दोनों के शव तीसरी मंजिल की गैलरी में मिला था। अंदाजा लगाया जा रहा है कि उन्होंने बचने का प्रयास किया। मगर, धुंए की वजह से दम घुट गया। इसी से दोनों की मौत हो गई। लखनऊ हाईकोर्ट के सिविल एडवोकेट मिथलेश कुमार शर्मा कहते हैं, अगर किसी होटल का निर्माण बिना नक्शा पास कराए किया जाता है। तो विकास प्राधिकरण पहले होटल मालिक खुद ही संपत्ति नष्ट करने के लिए नोटिस भेजता है। जब नोटिस पर कोई जवाब नहीं मिलता तो, प्राधिकरण खुद जाकर होटल गिरा देता है। प्राधिकरण डिमोलिशन कॉस्ट होटल मालिक से वसूलता है। मिथलेश आगे कहते हैं, लखनऊ के लेवाना होटल में अवैध नक्शा पास होने के अलावा 4 मौते भी हुई हैं। ऐसे मामलों में होटल मालिक पर सिविल के साथ क्रिमिनल केस भी बनता है। आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत कार्रवाई होती है। इसमें उम्रकैद की सजा भी हो सकती है। यूपी रेगुलेशन बिल्डिंग ऑपरेशन एक्ट 1958 के प्रावधानों के तहत गैरकानूनी ढंग से बनी बिल्डिंग के मालिक से संपत्ति गिराए जाने के पूरे खर्च के साथ अलग से 50,000 रुपए के जुर्माने की सजा का प्रावधान है।

# पूर्व मंत्री हाजी इकराम कुरैशी की जमानत मंजूर

**मुरादाबाद, (यूएनएस)।** पूर्व मंत्री हाजी इकराम कुरैशी को जमानत मिल गई है। उन पर बिजली विभाग की फर्जी रसीदें बनाकर विभाग को 6.88 लाख रुपए का नुकसान पहुंचाने का आरोप है। करीब 22 साल पुराने इस मामले में एसीजेएम-4 स्मिता गोस्वामी ने 30 नवंबर को हाजी इकराम कुरैशी को दोषी करार दिया था। उन्हें 7 साल की सजा हुई थी। इकराम तभी से मुरादाबाद जिला जेल में बंद हैं। बुधवार को एडीजे-2 की अदालत में हाजी इकराम कुरैशी की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने हाजी इकराम कुरैशी की जमानत मंजूर कर ली है। हाजी इकराम के बेटे उवैद इकराम ने बताया कि समय पर परवाना नहीं पहुंच पाने की वजह से बुधवार को उनके पिता की रिहाई नहीं हो सकी है। गुरुवार को हाजी इकराम जेल से रिहा होंगे। अखिलेश यादव सरकार में दर्जा राज्यमंत्री रहे हाजी इकराम कुरैशी ने 2022 के विधानसभा चुनावों में टिकट कटने पर सपा छोड़ दी थी। वो कांग्रेस के टिकट पर मुरादाबाद देहात विधानसभा सीट से चुनाव लड़े थे। लेकिन 2017 में इसी सीट से सपा के टिकट पर जीत दर्ज कराने वाले इकराम 2022 में चुनाव हार गए थे। 30 नवंबर को मुरादाबाद की अदालत ने बिजली बिल की चोरी के जिस में हाजी इकराम कुरैशी को 7 साल कैद की सजा सुनाई है वो वर्ष 2000 का मामला है। इकराम के खिलाफ ये एफआईआर बिजली विभाग के तत्कालीन अधिशासी अभियंता राधेश्याम यादव ने गलशहीद थाने पर दर्ज कराई थी। इकराम को बिजली विभाग की फर्जी रसीद तैयार करके विभाग को 6.88 लाख रुपये की क्षति पहुंचाने के मामले में दोषी पाया गया है। देर शाम तक पूर्व मंत्री हाजी इकराम न्यायिक अभिरक्षा में थे। करीब साढ़े सात बजे उन्हें कस्टडी में जेल के लिए रवाना कर दिया गया। इस मामले में हाजी इकराम के साथ दूसरे मुल्जिम बिजली विभाग के एसएसओ रामअवतार शर्मा को कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया है। हाजी इकराम कुरैशी मुरादाबाद में समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता रहे हैं। अखिलेश सरकार में दर्जा मंत्री रहने के बाद 2017 के चुनाव में वो मुरादाबाद देहात सीट से एमएलए भी चुने गए थे। हालांक 2022 में टिकट कटने पर हाजी इकराम ने सपा का दामन छोड़ दिया था और वे कांग्रेस से चुनाव लड़े थे। करीब 22 साल पुराना ये पूरा मामला बिजली विभाग की फर्जी रसीदों से जुड़ा है। बिजली विभाग के तत्कालीन अधिशासी अभियंता ने 2 जून 2000 में गलशहीद थाने में हाजी इकराम कुरैशी पुत्र अब्दुल निवासी भूड़ा चौराहा गलशहीद के खिलाफ थ्स् दर्ज कराई थी। इसमें बाद में बिजली विभाग के एसएसओ टीजी-2 रामअवतार शर्मा पुत्र स्वः हीरालाल निवासी डबल फाटक कटघर का भी नाम जुड़ गया था। दरअसल रामअवतार शर्मा के पास बिजली बिल की वसूली का काम था। वो बिजलीघर पर बैठकर और घर-घर जाकर उपभोक्ताओं से बिजली बिल की वसूली करता था। इसके लिए उसे विभाग की ओर से रसीद बुकें निर्गत की जाती थीं। 2 मार्च 2000 को रामअवतार को आलेख प्रालेख डीसी मिश्रा ने 50 रसीदों वाली एक रसीद बुक बिल वसूली के लिए जारी की थी। इसमें हरेक रसीद की तीन-तीन प्रतियां थीं। एक प्रति जो बिल जमा करने पर उपभोक्ता को दी जाती है, दूसरी प्रति संग्रह विवरण के लिए और तीसरी प्रति कार्यालय के अभिलेख में रखी जाती थी। इस रसीद बुक की रसीद संख्या 50 की दूसरी प्रति रसीद बुक से फटी पाई गई। जबकि पहली और तीसरी प्रति को एसएसओ रामअवतार ने कैंसिल कर दिया था। रामअवतार की रसीद बुक से जो 50 नंबर की रसीद फटी पाई गई उसी रसीद को 22 मई को हाजी इकराम कुरैशी की फर्म मैसर्स अब्दुल रसीद एंड संस बर्फखाना की ओर से विभाग में जमा किया गया। इस पर 6,88, 054 रुपये का एमाउंट भरा हुआ था। रसीद के जरिए मैसर्स अब्दुल रसीद एंड संस बर्फखाना ने दावा किया कि वो 22 मई 2000 को विभाग के कर्मचारी को ये रकम जमा कर चुके हैं। विभागीय जांच में पाया गया कि रसीद पर रामअवतार के हस्ताक्षर नहीं हैं।

## आत्म उन्नति से ही देश की उन्नति संभव: प्रो0 हरिराम

**लखनऊ, (यूएनएस)।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत नवयुग कन्या महाविद्यालय के संस्कृत विभाग एवं शिक्षाशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में समाज निर्माण में शिक्षकों की भूमिका विषय पर विशिष्ट विद्वत्त व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता में एवं संस्कृत विभाग की सहायक आचार्य डॉ वंदना द्विवेदी के संयोजकत्व में आयोजित हुआ इस कार्यक्रम का प्रारंभ सर्वप्रथम वंदना द्विवेदी के द्वारा वैदिकमंगलाचरण से किया गया, कार्यक्रम के सारस्वत अतिथि एवं मुख्य वक्ता जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के संस्कृत एवं प्राच्य विद्या अध्ययन संस्थान के प्रोफेसर जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हरिराम मिश्र जी रहे। अतिथियों का औपचारिक स्वागत के बाद दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का औपचारिक प्रारंभ हुआ वैदिक दीप प्रज्वलन मंत्र तथा सरस्वती वंदना प्रतिभा द्विवेदी के द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक एवं छात्र उन्नत राष्ट्र का निर्माण करने में योगदान दे सकते हैं यदि हम अपने इतिहास को पलट कर देखें तो कौटिल्य जैसे शिक्षक के चलते चंद्रगुप्त जैसे शासक का आज नाम इतिहास में अमर है। अध्यापन से अध्यापक की विद्या और भी प्रस्फुटित होती है अध्ययन के समय खूब पढ़ी हुई विद्या अध्यापन के समय विलक्षण रूप से विकसित होती है। संस्कार का शिक्षा पर बहुत प्रभाव पड़ता है संस्कारित होना और शिक्षित होना दोनों अलग बात है आत्मा उन्नति करने से ही देश की उन्नति संभव है समाज निर्माण से ही देश का निर्माण होगा हमारे ज्ञान को लेकर पाश्चात्य देश आगे हो गए हैं लेकिन हम उस ज्ञान को अभी तक समझ नहीं पाए हैं शिक्षक का कार्य छात्रों में सकारात्मक सामाजिक भावनात्मक और बौद्धिक विकास को प्रेरित करता है ताकि वे अपने निजी जीवन में अर्जित समझ और ज्ञान का समुचित उपयोग कर बेहतर निर्णय ले सके और समाज निर्माण के लिए बहुमूल्य योगदान कर सकें।

## एंटी करप्शन टीम ने ग्राम पंचायत सचिव को किया गिरफ्तार

**20 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा**

**उरई/जालौन, (यूएनएस)। उत्तर** प्रदेश के चित्रकूट जनपद में ग्राम पंचायत सचिव को एंटी करप्शन टीम झांसी ने 20 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। जिसके बाद एंटी करप्शन टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, बीते 5 दिसंबर को एंटी करप्शन हेड ऑफिस लखनऊ में इस मामले की शिकायत दर्ज हुई थी, जिस पर कार्रवाई करते हुए टीम ने ग्राम पंचायत सचिव को गिरफ्तार किया है। बता दें कि मानिकपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत सकरौहां में ग्राम प्रधान द्वारा 2 लाख की लागत का एक खेल मैदान बनवाया गया था। जिसका पेमेंट कराने के लिए ग्राम प्रधान राजकुमार मौर्य अपने ग्राम पंचायत सचिव विपिन कश्यप के पास लगातार कई महीने से दौड़ रहे थे, लेकिन ग्राम पंचायत सचिव द्वारा ग्राम प्रधान से खेल मैदान की लागत का 10ः घूस मांग रहे थे। जिस पर ग्राम प्रधान राजकुमार कुमार मौर्य ने इसकी शिकायत बीते 5 दिसम्बर को एंटी करप्शन हेड ऑफिस लखनऊ में की थी। जिस पर एंटी करप्शन झांसी ऑफिस ने मामले की जांच कराई। एंटी करप्शन टीम द्वारा कराई गई इस जांच के बाद शिकायत के सही पाया गया। जिसके बाद पीड़ित ग्राम प्रधान की लिखित शिकायत पर एंटी करप्शन की 11 सदस्ययी टीम ने ग्राम पंचायत सकरौहा के पंचायत भवन में आरोपी सचिव विपिन कश्यप को ग्राम प्रधान से 20,000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है।

## प्रसपा का सपा में विलय, चाचा शिवपाल यादव ने अखिलेश यादव को माना अपना नेता

**लखनऊ, (यूएनएस)।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल यादव ने अपनी पार्टी का समाजवादी पार्टी में विलय कर दिया है। उन्होंने मैनपुरी उपचुनाव में डिंपल यादव की जीत से पहले ही यह फैसला लिया है। सैफई में प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी है। बता दें कि विधानसभा चुनाव के दौरान दोनों पार्टियों ने गठबंधन किया था। उसके बाद चाचा भतीजे में कुछ दूरियां देखने को मिली थी, लेकिन सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की मौत के बाद चाचा भतीजे दोनो ने एक साथ आए। उपचुनाव से पहले चाचा भतीजे में नजदीकियां बढ़ गई।

## लेखपाल के खिलाफलामबंद हुए ग्राम प्रधान,कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

**उरई/जालौन, (यूएनएस)।** जालौन में डकोर विकासखंड के दर्जनों ग्राम प्रधान लेखपाल के खिलाफ लामबंद हो गये, जिन्होंने उरई कलेक्ट्रेट में मुहाना लेखपाल के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शन करने वाले प्रधानों का कहना है कि भ्रष्ट लेखपाल द्वारा फर्जी तरीके से प्रधान के खिलाफ मुकदमा लिखाया है, इस मामले की जांच की जाये साथ ही भ्रष्ट लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की जाए। डकोर विकासखंड के ग्राम कुसमिलिया के प्रधान कृष्ण कुमार के नेतृत्व में दर्जनों प्रधान उरई कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने मुहाना गांव के लेखपाल विनोद कुमार वर्मा के खिलाफ लामबंद होकर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही लेखपाल पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए डीएम से कार्रवाई की मांग की है। डकोर विकासखंड के प्रधानों का कहना है कि मुहाना गांव का लेखपाल विनोद कुमार वर्मा सबसे भ्रष्ट लेखपाल हैं, जिसको भ्रष्टाचार के आरोप में एंटी करप्शन टीम से पहले भी जेल भिजवाया जा चुका है। वह अब मुहाना गांव का लेखपाल बनकर की सरकारी जमीन पर ग्रामीणों से रुपए लेकर फर्जी तरीके से मकान बनवा रहा है, जिसका विरोध ग्राम प्रधान जीतू द्वारा किया गया तो लेखपाल ने ही उल्टा प्रधान के ऊपर मुकदमा लिखा दिया है। रिश्वत मांगने का ऑडियो भी लेखपाल का है ग्राम प्रधानों का कहना है कि भ्रष्ट है लेखपाल विनोद कुमार वर्मा तीस-तीस हजार रुपए लेकर सरकारी जमीनों पर कब्जा करा चुका है, जिसके खिलाफ अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्रधानों द्वारा पिछली बार जब एंटी करप्शन टीम से इस लेखपाल को रिश्वत लेते हुए पकड़वाया गया था, इसी का बदला वह ग्राम प्रधानों से ले रहा है और प्रधानों पर फर्जी मुकदमे लिखा रहा है। सभी ग्राम प्रधानों ने डीएम से मांग की है कि इस मामले की जांच करते हुए भ्रष्ट लेखपाल के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

## बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए मातृशक्तियों को किया संबोधित

**उन्नाव, (यूएनएस)।** गंगा नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ भारती समिति के तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। वहां मुख्य वाक्ताओं ने बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिये मातृशक्तिओं को संबोधित किया। इसके साथ बच्चों को भी सही रास्ते पर चलने के मार्ग बताये। गंगा नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षा हिना गुप्ता ने मां सरस्वती, ऊं, भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन कर किया। अतिथि महानुभावों का परिचय में मातृ भारती समिति की संरक्षिका मालती सिंह ने कराते हुए मातृशक्ति को सुभद्रा कुमारी चौहान की पंक्तियां 'खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी' कहते हुए बताया कि शिशु की शिक्षा मां के गर्भ से ही प्रारंभ हो जाती है। शिक्षा संस्कारयुक्त होनी चाहिए, इससे एक शिशु आदर्श नागरिक बन सके इसमें आपका सहयोग आपेक्षित है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील सिंह ने मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी का स्थान सदैव गौरवपूर्ण रहा है। एक लंबे समय के बाद पुनः नारी के वर्चस्व के जागरण और प्रतिष्ठापना की ओर बढ़ रहा है। युग ऋषि ने 21वीं सदी को नारी सदी नारी उदघोषित किया है। वेदों के अनुसार नारी विधाता की सर्वोत्तम परिकल्पना है और इसकी सृजन क्षमता के कारण उसे ब्रह्मा की संज्ञा दी गई है। उन्होंने कहा कि आज समाज में ज्यादातर दो ही संस्कार रह गए हैं, विवाह संस्कार और अंतिम संस्कार बाकी के 14 संस्कार हम सभी ने भुला दिए जो हमारे ऋषि महात्माओं का आशीर्वाद हमें दिया गया था। हम व्यस्ततम समय में हम सभी अपने संस्कारों को भूलते जा रहे हैं। इसलिए सारी सुख सुविधाएं होते हुए भी हम परेशान हैं और दुखी हैं। इस मौके पर उपप्रधानाचार्य सुरेश सिंह, आरती अवस्थी, संगीता, नीलम, संतोषी, सोनी गुप्ता, सविता, गुंजन, राधा, प्रह्लाद, सुरेन्द्र, प्रवीण आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## टॉर्च की रोशनी में आंख का ऑपरेशन करने का आरोप

**उन्नाव, (यूएनएस)।** जिले की पुरवा सीएचसी में ऑपरेशन के दौरान बिजली चली जाने पर मरीजों ने जमकर हंगामा किया। मरीजों का आरोप है कि बिजली गुल होने पर कुछ लोगों की आंख का ऑपरेशन टॉर्च की रोशनी में किया गया। राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम के तहत सीएचसी पुरवा में डॉक्टर राहुल बिहारी मरीजों की आंख का परीक्षण कर रहे थे। हंगामा बढ़ता देख सीएचसी अधीक्षक ने पहुंचकर तीमारदारों और मरीजों को समझा-बुझाकर लोगों को शांत कराया। जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरवा में परीक्षण के दौरान 35 मरीजों की आंख में मोतियाबिंद की दिक्कत मिली। परीक्षण करने वाले डॉक्टरों ने सलाह दी कि उन्हें मरीजों की आंख का ऑपरेशन करना पड़ेगा। इसके बाद मरीजों का ऑपरेशन शुरू हो गया। ऑपरेशन के दौरान ही अचानक लाइट चली जाने से मरीजों को लगभग एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा। इस दौरान मरीजों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना मिलते ही अधीक्षक दिनेश कुमार ने मरीजों को समझा बुझाकर शांत कराया। लाइट आने के बाद सभी मरीजों का ऑपरेशन किया गया। वही हंगामे के दौरान ग्रामीणों ने टार्च की रोशनी में ऑपरेशन करने का आरोप लगाया और अस्पताल में जनरेटर होने के बावजूद जनरेटर न चलाने पर नाराजगी जाहिर की। प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया सभी ऑपरेशन विद्युत आपूर्ति में किए गए हैं टोर्च की रोशनी में ऑपरेशन करने की बात गलत है। पुरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का कुछ माह पहले एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें अस्पताल पहुंचे मरीजों को बेड पर नहीं बल्कि उसी ई-रिक्शा पर लिटाकर ग्लूकोस चढ़ाने का वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद स्वास्थ्य महकमें की जमकर किरकिरी हुई तो डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए थे।

## डीएम ने विकास कार्यों की समीक्षा की

**हरदोई, (यूएनएस)।** जिले में सरकार की 37 प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने विकास भवन में की। बैठक में विद्युत विभाग की समीक्षा में स्वास्थ्य, पंचायत, ग्राम विकास, पीडब्लूडी, शिक्षा आदि विभागों पर बकाया विद्युत भुगतान के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सरकारी विभागों के अधिकारियों से समन्वय बनाकर बकाया विद्युत बिलों का भुगतान करायें। साथ ही शासन से निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप विद्युत वसूली सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में आयुष्मान कार्ड बनने, आयुष्मान कार्ड के मरीजों का अस्पतालों में कम पंजीकरण एवं परिवार नियोजन की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देश दिये कि सभी लाभप्रद योजनाओं में प्रगति लाएं। उन्होने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये सप्लाई इंस्पेक्टर एवं कोटेदारों के माध्यम से पात्र कार्ड धारकों के शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाएं और सभी पत्र-व्यवहार कोटेदार की ई-मेल आईडी पर करायें। समीक्षा बैठक में समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में दशमोत्तर छात्रवृत्ति पंजीकरण की धीमी प्रगति पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि पंजीकरण का समय पर पूर्ण कराएं।बैठक में पीडब्लूडी विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि नवनिर्मित एवं अन्य स्वीकृत सड़कों का निर्माण शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप गुणवत्ता समय पर पूर्ण कराने के साथ गड्ढा मुक्त सड़कों की आख्या हरदोई पोर्टल पर अपटेड कराएं। जल निगम की समीक्षा में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिये कि शेष ग्रामीण पेयजल परियोजनाओं को समय पर पूर्ण कराने के साथ ग्रामीणों के घरों में अधिक से अधिक कनेक्शन भी करायें। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी एमओआईसी को निर्देशित करें कि छोटी-छोटी बीमारी वाले गरीब मरीजों को लखनऊ रेफर न करें। बल्कि उन मरीजों को अच्छी सुविधा के लिए 100 बेड अस्पताल में भर्ती करायें। सरकारी अस्पतालों से निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकों एवं प्रसव वाली महिलाओं को ले जाने वाली आशाओं को चिह्नित करें और उनके साथ-साथ अस्पतालों में दलाली करने वालें लोगों पर एफआईआर दर्ज कराते हुए कड़ी कार्रवाई करें।

## संक्षिप्त समाचार

### नेशनल हाईवे के डिवाइडर के दोनों तरफ लगाई जाएगी जाली

**पेट्रोल पम्प के सामने कट होंगे समाप्त, बस्ती में डीएम बैठक कर दिए निर्देश**

**बस्ती, (यूएनएस)।** जिले के नेशनल हाईवे के डिवाइडर के दोनों ओर जाली लगाई जाएगी। इसके लिए डीएम प्रियंका निरंजन ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि डिवाइडर पर लगे पेड़ों के बीच जानवर बैठते हैं और अचानक उनके सड़क पर आने से दुर्घटना की संभावना रहती है। नेशनल हाईवे को जोड़ने वाली सड़कों पर 50 मीटर पूर्व टेबल टॉप बनवाएं ताकि वाहन के हाईवे पर सीधे आने से पूर्व उनकी गति कम हो जाए। स्टॉप एवं गोअवे का बोर्ड लगाएं, जेब्रा क्रॉसिंग बनवाएं। हाईवे पर स्थित सभी पेट्रोल पम्प के सामने कट को समाप्त किया जाए। हाईवे पर जगह-जगह बनाए गए जेब्रा क्रॉसिंग को दोबारा रंगवाया जाय। हाईवे पर छुट्टा पशु घूमने पर नाराजगी व्यक्त किया। निर्देश दिया कि बीडीओ एवं ग्रामप्रधान एनिमल कैचर की व्यवस्था कर पशुओं को पकड़कर गोशाला में रखवाएं। एआरटीओ इस कार्य की मॉनीटरिंग करें। यातायात विभाग द्वारा चिन्हित 40 दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों की समीक्षा करते हुए सेफ्टी मैनेजर को निर्देश दिया कि इन स्थानों पर सुधारात्मक कार्यवाही कराई जाय। सुधारात्मक कार्यवाही का सत्यापन एक टीम द्वारा 15 दिन के भीतर कराए जाने का निर्देश दिया। नगर पालिका क्षेत्र में वाहन पार्किंग के लिए टाउन क्लब एवं जीजीआईसी के अलावा दो और स्थल चयन करने के लिए एसडीएम सदर को निर्देशित किया। बैठक में सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, एसडीएम सदर शैलेश दूबे, अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी एके सिंह, सीएमओ डॉ. आरपी मिश्रा, एआरटीओ रविकान्त शुक्ला, पंकज सिंह, एआरएम सर्वजीत वर्मा, विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### बुजुर्ग का मिला शव, एक दिन पहले ही घर से हो गए थे लापता

**बस्ती, (यूएनएस)।** जिले के दुबौलिया थाना क्षेत्र के सतहा गांव के पास सड़क के किनारे एक 65 वर्षीय बुजुर्ग का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुटी है। जानकारी के अनुसार दुबौलिया थाना क्षेत्र के भुअरिया गांव निवासी कन्हई (65) बुधवार शाम से ही घर से लापता थे। गुरुवार को उनका शव सतहा गांव स्थित एक खेत के पास सड़क किनारे पड़ा मिला। पास में ही उनकी साइकिल भी गिरी मिली। ग्रामीणों ने शव देख इसकी सूचना दुबौलिया पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में ले लिया। परिजनों का कहना है कि वह शाम से ही घर नहीं आए थे। सुबह शव मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दुबौलिया पुलिस ने शश्व को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कन्हई के 8 बच्चे है, जिसमें पांच बेटे व तीन बेटियां है। दो बेटे, एक बेटी की शादी हो चुकी है। कन्हई मेहनत मजदूरी कर बच्चों का पालन पोषण करते थे। एसएचओ संजय कुमार ने बताया कि शव को कब्ब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्ष्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### क्वीज के विजेता विद्यार्थी पुरस्कृत

**बस्ती, (यूएनएस)।** न्यू इकरा पब्लिक स्कूल रहमतगंज में आयोजित जनरल क्वीज प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सफल विजेताओं को प्रमाण-पत्र, बैग, स्टडी लैंप आदि देकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि मदरसा जामिया हन्फिया के मौलाना रियाज अहमद, समाजसेवी हारिस बाबा ने छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया। कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्रों में रचनात्मक प्रतिभा विकसित होती है। स्कूल के प्रबंधक डॉ. अजीज आलम ने बताया कि कक्षा 1 से 8 तक के 350 छात्रों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। सभी कक्षाओं से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले विजेताओं का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। निदेशक अयाज अहमद ने कहा कि यह प्रतियोगिता का युग है। छात्रों में बचपन से ही प्रतियोगिता कराने से उनकी दक्षता विकसित होती है। प्रधानाचार्या जेबा शाहीन ने बताया कि कक्षा 1 में आकिब आफाक प्रथम, आरिशा खान द्वितीय, मोहम्मद शादिक तृतीय, कक्षा 2 में सिदरा परवेज प्रथम, वर्दा अंजुम द्वितीय, ओमैमा आजम तृतीय, कक्षा 3 में मो. फैव्वाज प्रथम, मो. अलकमा द्वितीय, अब्दुल अहद, फहीमा खान तृतीय, कक्षा 4 में सेम अब्बास प्रथम, मनहा अदीब द्वितीय, इकरा खातून तृतीय, कक्षा 5 में रूहमा खान प्रथम, खदीजा खातून द्वितीय, अलीना खान तृतीय रही। कक्षा 6 में जिया माहिनाज सिद्दीकी प्रथम, उमर सादिक द्वितीय, शाबेज खान तृतीय, कक्षा 7 में सुमैया रहमान प्रथम, तूबा खान द्वितीय, इबाद सिद्दीकी तृतीय और कक्षा 8 में यासिन उस्मान प्रथम, निदा परवीन द्वितीय, इलमा इरशाद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। शाइन इंस्टीट्यूट के अहमद अरसलान, रजिया जेहरा, मो. अरमान फरीहा अंजुम को भी पुरस्कृत किया गया।

### अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी जोरदार टक्कर, 2 युवकों की मौत

**बस्ती, (यूएनएस)।** संतकबीरनगर में एक अज्ञात वाहन ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मारी, जिस की वजह से एक दर्दनाक हादसा हो गया है। इस भीषण टक्कर की चपेट में आने से जिले के मुहली थाना क्षेत्र के घोरही गांव के दो युवकों की मौत हो गई है। हादसे में मरने वाले दोनों युवक दोस्त थे। दोनों की मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला की जांच शुरू की है। बता दें कि यह मामला जिले के मुहली थाना क्षेत्र के घोरही गांव का है। यहां पर एक अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से हुए हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। दोनों मृतक मित्र थे और जिला अस्पताल में स्वीपर के पद पर काम कर रहे थे। बुधवार की देर रात बाइक से गोरखपुर जनपद के खजनी थाना क्षेत्र से अपने मित्र की शादी से वापस लौट रहे थे। मैंनसिर-मोलनापुर मार्ग पर स्थित कटका चौराहे पर अज्ञात वाहन ने पीछे से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। मौके पर ही दोनों की मृत्यु हो गई। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है। इस हादसे के बाद किसी ने रात में पुलिस को सड़क पर शव पड़े होने की सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनों की पचहान हुई। महुली के थानाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि शवों का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। वहीं, इस हादसे में दोनों दोस्तों की मौत होने से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। दोनों परिवारों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं गांव में भी मातम छाया हुआ है।

### हमान इंडस्ट्री में इनकम टैक्स का छापा, फैक्ट्री के अंदर सभी कर्मचारियों के मोबाइल फोन जब्त

**उन्नाव, (यूएनएस)।** सदर कोतवाली क्षेत्र में मगरवारा अक्रमपुर क्षेत्र में एक सैकड़ा से अधिक लेदर की फैक्ट्रियां हैं। इसी में रहमान इंडस्ट्रीज के शू डिवीजन में आज शाम इनकम टैक्स की टीम पहुंची और फैक्ट्री के अंदर सभी कर्मचारियों के मोबाइल फोन जब्त कर छापेमारी शुरू कर दी। छापेमारी की जानकारी पर अन्य स्लॉटर हाउस में हड़कंप मचा है। फिलहाल पिछले करीब दो घण्टे से छापेमारी जारी है। सदर कोतवाली के मगरवारा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत सिंगरोसी मोड़ के पास रहमान ग्रुप के शू डिवीजन की एक फैक्ट्री में आज शाम आठ अलग-अलग गाड़ियों से कई अधिकारी फैक्ट्री के अंदर पहुंचे। एक साथ इनकम टैक्स के अफसरों के पहुंचने से फैक्ट्री हाउस के अंदर मौजूद मैनेजर और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में इनकम टैक्स की टीम ने फैक्ट्री के सभी गेट बंद करवाए और अंदर मौजूद कर्मचारियों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए। फैक्ट्री परिसर के बाहर भारी मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया। इनकम टैक्स की टीम फैक्ट्री के अंदर पिछले करीब दो घंटे से लगातार छापेमारी कर रही है। सूत्रों की माने तो फैक्ट्री में बड़े पैमाने पर लाखों रुपए की इनकम टैक्स की चोरी पकड़े जाने की बात सामने आई है। फिलहाल इनकम टैक्स के किसी भी कर्मचारी अधिकारी ने अभी तक इस बात की कोई पुष्टि नहीं की है और छापेमारी लगातार जारी है। इंड्रस्टीयल एरिया में स्थित अन्य फैक्ट्रियों में भी हड़कम्प मचा हुआ है।

# मां ने बेटी को पहचाना, डीएनए रिपोर्ट का इंतजार

**7 साल से गायब थी, कोर्ट के आदेश के बाद माता-पिता के लिए सैंपल**

**अलीगढ़ (यूएनएस)।** अलीगढ़ के गोंडा से 2015 में गायब हुई किशोरी जो अब युवती बन चुकी है, उसकी मां उसे पहचान लिया है। अधिकारियों के सामने बेटी को देखते ही मां ने कहा कि यह मेरी बेटी है। जिसके बाद युवती और उसके माता-पिता के डीएनए सैंपल लिए गए हैं। 14 साल की उम्र में यह युवती घर से गायब हो गई थी। इसके बाद उसके अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के मामले में गांव के ही एक युवक विष्णु गौतम को गिरफ्तार किया गया था। विष्णु पिछले सात सालों से सजा भुगत रहा है और कोर्ट में यह मामला विचाराधीन है। अब जब युवती हाथरस से बरामद हो गई है तो मामले ने नया मोड़ ले लिया है। 7 साल पहले गायब हुई युवती को पुलिस हाथरस के सासनी स्थित गांव ढांठौली बरामद कर लिया है। 2015 में गायब हुई यह युवती हाथरस में नाम बदलकर रह रही थी। पुलिस ने युवती को हिरासत में लेने के बाद उसके माता-पिता को भी बयान के लिए बुलाया। युवती को देखते ही उसके माता पिता ने उसे पहचान लिया और अपनी बेटी के रूप में शिनाख्त की। मौखिक रूप से बेटी की पहचान करने के साथ ही युवती के माता-पिता ने लिखित रूप से पुलिस को अपने बयान दिए हैं। जिसके बाद आगे की कार्रवाई क जा रही है। पुलिस ने इस मामले में वैज्ञानिक साक्ष्यों के लिए कोर्ट से डीएनए जांच कराने की अनुमति मांगी थी। जिसके बाद कोर्ट ने डीएनए परीक्षण कराने की अनुमति पुलिस को दे दी थी। कोर्ट की अनुमति मिलने के बाद तीनों के सैंपल लिए गए हैं। पुलिए अधिकारियों की देखरेख में युवती और उसके माता-पिता को मलखान सिंह जिला अस्पताल ले जाया गया। बुधवार शाम को इनके सैंपल लिए गए हैं। जिसके बाद गुरुवार सुबह तीनों के डीएनए सैंपल को आगरा स्थित प्रयोगशाला में भेज दिया गया है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि इस माह के अंत तक यह रिपोर्ट आ जाएगी। गोंडा थाना क्षेत्र के गांव ढांठौली में 17 फरवरी 2015 को 10वीं में पढ़ने वाली एक किशोरी लापता हो गई थी। उसके परिवार जनों ने गांव में रहने वाले विष्णु पर अपहरण के आरोप लगाए थे। उसके आगरा में एक किशोरी का शव मिला था। परिजनों ने अपनी बेटी को पहचान लिया था। जिसके बाद अपहरण करके किशोरी के अपहरण, दुष्कर्म, साक्ष्य छिपाने और हत्या जैसी कई संगीन धाराओं में विष्णु के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा गया था। बीते दिनों अलीगढ़ के एक कथावाचक ने हाथरस में किशोरी को देखकर पहचान लिया और एसएसपी को मामले की जांच की मांग की। जिसके बाद यह सारा मामला दुबारा खोला गया है। एसएसपी कलानिधि नैथानी ने बताया कि ऐसे मामलों में वैज्ञानिक साक्ष्य सबसे अहम हैं। कोर्ट की अनुमति के बाद युवती और उसके परिजनों की डीएनए जांच कराई गई है। सैंपल की जांच के लिए उसे लैब में भेजा जा चुका है।

## भाजपा के पूर्व विधायक समेत दस के खिलाफ गैर-जमानती वारंट

**लखनऊ, (यूएनएस)।** उत्तर प्रदेश के बलिया की एक विशेष अदालत ने विधानसभा चुनाव के दौरान बिना अनुमति के जनसभा करने और सड़क पर जाम लगाने के मामले में सिकंदरपुर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक संजय यादव समेत दस आरोपियों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, सिकंदरपुर थाना में 13 फरवरी 2017 को तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार की तहरीर पर यादव समेत दस भाजपा नेताओं के खिलाफ विधानसभा चुनाव के दौरान बिना अनुमति के जनसभा करने और सड़क पर जाम लगाने के आरोप में नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया था।अधिवक्ता त्रिभुवन नाथ यादव ने बृहस्पतिवार को बताया कि विशेष अदालत की न्यायाधीश तपस्या त्रिपाठी ने बुधवार को अदालत के निर्देश के बावजूद हाजिर नहीं होने पर पूर्व विधायक संजय यादव समेत सभी दस आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अधिवक्ता के मुताबिक अदालत ने पुलिस अधीक्षक को 15 दिसंबर के पूर्व गिरफ्तारी वारंट का तामील सुनिश्चित करने का आदेश दिया है।

## ट्रैक्टर ड्राइवर को पुलिस ने पीटा,ग्रामीणों ने चौकी का घेराव कर घंटों किया प्रदर्शन

**रायबरेली, (यूएनएस)।** जिले में पुलिस पर ट्रैक्टर चालक की पिटाई का आरोप लग रहा है। ग्रामीणों ने सैकड़ों की संख्या में पुलिस चौकी का घेराव कर प्रदर्शन किया है। कहा है कि बिना मतलब के ट्रैक्टर ड्राइवर को पीटा गया है, पुलिस दबंगई कर रही है। पुलिस मामले में समझौता करने की बात कह रही है। वही मौके पर भारी संख्या में पुलिस को तैनात किया गया है किसी तरह की अभद्रता या फिर तोड़फोड़ न हो सके इसके लिए मौके पर पुलिस तैनात है। महाराजगंज थाना क्षेत्र के रायबरेली अमेठी बॉर्डर स्थित मऊ नहर पुल के पास की पूरी घटना बताई जा रही है। जैसे ही सूचना ट्रैक्टर मालिक भोलू सिंह को मिली अपने साथियों के साथ सैकड़ों की संख्या में चौकी पहुंच गए, जहां पर उन्होंने चौकी का घेराव करते हुए जबरन ड्राइवर की पिटाई का आरोप लगाया है। मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मेरा ड्राइवर डीजल लेकर आ रहा था तभी उसके साथ चेकिंग के दौरान सिपाहियों ने अभद्रता और मारपीट की। अगर इन पर कार्रवाई नहीं होगी तो हम ऊपर तक जाएंगे। ड्राइवर मुनव्वर अली ने कहा कि मैं डीजल लेकर वापस आ रहा था बिना मुझसे कुछ कहे बिना मुझसे कुछ पूछे हुए मुझे दो थप्पड़ मार दिए, जबकि मेरी कोई गलती नहीं थी। मुझसे कुछ पूछते उसके बारे में मैं कुछ कहता तो मुझे मारते तो समझ में आता कि बात कुछ है लेकिन बिना बात के मुझे मारा गया है।

## क्रिश्चियन कॉलेज में टेक्नोलॉजी सेमिनार, साइबर फ्रॉड से बचने के दिये टिप्स, डिप्टी सीएम हुए शामिल

**लखनऊ, (यूएनएस)।** क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज के फेयर फील्ड हॉल में गुरुवार को दो दिवसीय इमर्जिंग कंप्यूटर टेक्नोलॉजीज सेमिनार का आगाज हुआ। इस दौरान डिजिटल ट्रांसक्शन के बढ़ते प्रयोग से डिजिटल फ्रॉड के बढ़ते मामलों में आई तेजी चर्चा हुई। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. पुनीत मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने टेक्नोलॉजी के तमाम पहलुओं को रुबरू कराया। इस दौरान आरएएस त्यागी ने कहा पिछले कुछ सालों में प्रौद्योगिकी में काफी बदलाव आया है। आज के समय मे यह महत्वपूर्ण है कि व्यक्ति खुद को अपडेट रखें।डॉ. पुनीत मिश्रा ने बताया कि तकनीकी का प्रभावी ढंग से उपयोग करने की जरूरत है और व्यक्ति को इसका दास नहीं बनना चाहिए। साथ ही उन्होंने डेटा, कंप्यूटर सुरक्षा और ऑनलाइन धोखाधड़ी के बारे में भी बताया और धोखाधड़ी से सावधान रहने की चेतावनी दी। इससे पहले लखनऊ क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज के 160वें स्थापना दिवस पर बुधवार को सद्भावना उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक शामिल हुए थे। डिप्टी सीएम ने कहा कि क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज काफी पुराना कॉलेज है। राजधानी ही बल्कि प्रदेश में यह कॉलेज अपनी खास पहचान बनाए हुए है। इस कॉलेज से कई प्रतिष्ठित लोगों ने पढ़ाई की। उन्होंने अपने क्षेत्रों में विशेष मुकाम हासिल किए है। डिप्टी सीएम ने कॉलेज की लगातार प्रगति करने की कामना की और कॉलेज प्रबंधन को आश्वस्त किया कि कॉलेज की प्रगति में जहां पर उनके सहयोग की जरूरत हो, उसे बताया जाए। वह हर कदम पर कॉलेज के विकास में सहयोग देंगे। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. डीजे गोडियन, प्रो. मौलिन्दु मिश्रा, प्रो. रेणु गुप्ता, डॉ. निशीत रस्तोगी और अरविन्द शर्मा आदि उपस्थित रहे। अंत में अरविंद शर्मा ने भाग लेने वाले अतिथियों, संकाय सदस्यों और छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एसडीएम को फोन पर राशन घटतौली की मिली शिकायत

**ईओ और पूर्ति निरीक्षक की संयुक्त टीम ने की जांच, दुकान निलंबन के आदेश**

**उन्नाव, (यूएनएस)।** सफीपुर एसडीएम को फोन पर कस्बा के राहतगंज मोहल्ला की सरकारी राशन की दुकान में घटतौली एवम सरकारी राशन को लोडर से मंडी बेचने जाने की सूचना मिली। एसडीएम ने अधिशाषी अधिकारी और स्थानीय पूर्ति निरीक्षक की संयुक्त टीम बनाकर जांच के निर्देश दिए। संयुक्त टीम की छापेमारी से सरकारी राशन की दुकान पर अफरा तफरी मच गई। जांच टीम को मौके पर भारी कमियां पाई गई। सफीपुर एसडीएम अजीत जायसवाल को बुधवार दोपहर फोन पर मोबाइल नंबर 9452101730 से सूचना मिली कि कस्बा के राहतगंज बाजार में सरकारी राशन की दुकान स्थित है। जिसका संचालन अब्दुल रहमान उर्फरोमी कोटेदार कार्ड धारकों से अंगूठा लगवा लिया है और राशन वितरण नही कर रहा है साथ ही राशन की घटतौली कर लोडर से मंडी में बेच देता है। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेकर जांच टीम गठित कर मौके पर जांच करने के निर्देश दिए । सफीपुर एसडीएम अजीत जायसवाल ने नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी रामचंद्र मौर्य व पूर्ति निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद को मौके पर भेज जांच के निर्देश दिए।

## खेतों में निकला विशालकाय अजगर, वन विभाग की टीम ने जंगल में छोड़ा

**उन्नाव, (यूएनएस)।** जिले के आजाद मार्ग पोनी गांव के पास खेतों में एक विशालकाय अजगर को आसपास के ग्रामीणों ने देखा। विशालकाय अजगर देख लोगों में हड़कंप मच गया। कुछ युवकों ने उसे पकड़कर एक बोरे में बंद किया और वन विभाग को सूचना दी। वहीं, अजगर को देखने के लिये लोगों की आजाद मार्ग पर भीड़ लग गई। इससे कुछ देर के लिये जाम भी लगा रहा। आजाद मार्ग स्थित पोनी गांव निवासी पूर्व प्रधान गंगा विष्णु के खेत में एक दस फीट विशालकाय अजगर को घूमते हुये खेतों में काम करने वाले लोगों ने देखा, जिस पर उन्होंने शोर मचाया। शोर सुन आसपास के लोग दौड़े। कुछ युवकों ने हिम्मत दिखाते हुये खेत से अजगर को पकड़ा। इसका वीडियो बनाकर कुछ लोगों ने सोशल साइट पर वायरल कर दिया। वीडियो में एक युवक अजगर को पकड़ रहा था तभी कई बार अजगर उसपर हमला करते हुये बचाव करता हुआ दिखाई पड़ा, लेकिन युवक ने किसी तरह उसे पकड़ कर एक बोरी में बंद किया और गंगाघाट कोतवाली पुलिस को सूचना दी। वहीं अगजर को देखने के लिये आजाद मार्ग पर लोगों की भारी भीड़ लग गई, जिससे जाम की स्थिति बन गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी वन विभाग को दी। इसके बाद पुलिस ने आजाद मार्ग का जाम खुलवाया। वन विभाग के दरोगा मौके पर पहुंचे और अजगर को अपने साथ ले जाकर अचलगंज स्थित कटरी के जंगल में छोड़ आये। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## नकदी और जेवरात लेकर किशोरी गायब,बहला-फुसलाकर ले गया युवक

**उन्नाव, (यूएनएस)।** हसनगंज के सोहरामऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव की 13 वर्षीय किशोरी को युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी अपने साथ लाखों की नकदी और जेवर भी उठा ले गई है। परिजनों ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के देवीपुर खंडवारी निवासी ग्रामीण ने बताया कि उसकी बेटी 3 दिसंबर की रात घर में सेलेब डालने के लिए रखे एक लाख 42 हजार रुपये और सोने का 2 तोला का हार, आधा किलो चांदी की हाफ पेटी अपने साथ लेकर किसी अज्ञात लड़के के साथ चली गई।

# रेलवे अधिकारी सीबीआई की रडार पर

## एकाउंट डिपार्टमेंट के अधिकारियों से शुरू हुई पूछताछ

**लखनऊ, (यूएनएस)।** रेलवे अधिकारियों की परेशानी बढ़ने वाली है। दरअसल, सीबीआई द्वारा उत्तर रेलवे के इंजीनियरों को 50 हजार रुपए घुस लेते पकड़ा गया था। उसके बाद से ही जांच तेज हो गई। इसमें यह चेक किया जा रहा है कि निर्माण कार्यों में पिछले दो साल के दौरान किन योजनाओं में कहां, कितना भुगतान हुआ, इसकी जानकारियां जुटाई जा रही है। इसी जांच में सीबीआई की रडार पर रेलवे के कई बड़े अफसर आ रहे है। सूत्रों का कहना है कि रेलवे अब इनको पूछ-ताछ के लिए बुलाया जा रहा है। अब इसकी वजह से अधिकारियों की स्थिति खराब है कि जांच में उनका भ्रष्टाचार सामने आ जाएगा। इसकी वजह से टीम के आने से आला अफसरों में हड़कम्प मचा हुआ है। एक दिसम्बर को सीबीआई की टीम ने उत्तर रेलवे के कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट के इंजीनियर अरुण कुमार मित्तल को ठेकेदार से रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया था। इसके बाद सीबीआई ने मित्तल के ठिकानों से 1.38 करोड़ रुपए भी बरामद किए। उनके ऊपर एक ठेकेदार से रिश्वत मांगने का आरोप था, जिसमें सीबीआई ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। सीबीआई सूत्रों के अनुसार मामले की जांच को लेकर टीम हजरतगंज स्थित डीआरएम कार्यालय भी गई थी, जहां एकाउंट डिपार्टमेंट में पूछताछ भी की। रेलवे अफसरों का कहना है कि कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट का वित्तीय लेनदेन मंडल के वित्तीय लेनदेन से अलग रहता है। सीबीआई सूत्र बताते हैं कि पूछताछ के दौरान मित्तल ने मंडल के निर्माण कार्यों से जुड़ी जानकारी दी है, जिसे लेकर एकाउंट विभाग से पिछले दो साल केदौरान निर्माण कार्यों के लिए ठेकेदारों को किए गए भुगतान की जानकारियां जुटाई गई हैं। कई रेलवे अफसर हैं, जो सीबीआई के रडार पर हैं और उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट में रहे दूसरे पूर्व सीपीएम भी जांच के दायरे में आ रहे हैं। एके मित्तल रेलवे के कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट में उपमुख्य अभियंता थे। कंस्ट्रक्शन विभाग में करोड़ों रुपए की परियोजनाएं चलती हैं, ऐसे में ठेकेदारों को भुगतान के एवं में मोटी रकम वसूली जाती है।

## इकाना में मिली एक और मैच की जिम्मेदारी

**29 जनवरी को इंडिया-न्यूजीलैंड में होगा टी 20 मैच**

**लखनऊ, (यूएनएस)।** लखनऊ के इकाना स्टेडियम को एक और मैच कराने की जिम्मेदारी मिली है। इस बार टीम इंडिया 29 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां मैच खेलेगी। छह मैच की टी- 20 सीरीज खेलने के लिए न्यूजीलैंड की टीम इंडिया आ रही है। इसमें सीरीज का पांचवा मैच इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। इससे पहले इंडिया-अफ्रीका, इंडिया-वेस्टइंडीज और इंडिया श्रीलंका के मैच हो चुके हैं। इसमें दो मैच टी-20 के और एक मैच वनडे का हुआ है। बीसीसीआई की तरफसे जारी शेड्यूल में इसका जिक्र किया गया है। लखनऊ के इकाना स्टेडियम को एक और मैच कराने की जिम्मेदारी मिली है। इस बार टीम इंडिया 29 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां मैच खेलेगी। छह मैच की टी-20 सीरीज खेलने के लिए न्यूजीलैंड की टीम इंडिया आ रही है। इसमें सीरीज का पांचवा मैच इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ – उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य / उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-SLN-TW-23-22-2 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.12.2022 समय 14:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.12.2022 समय 14:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-BSB-TW-50-22-1 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.12.2022 समय 14:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.12.2022 समय 14:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-PYGS-TW-76-22-1 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.12.2022 समय 14:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.12.2022 समय 14:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-CPB-TW-9-22-1 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.12.2022 समय 14:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.12.2022 समय 15:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-AME-FW-27-22-1 (Parking - Four Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.12.2022 समय 14:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.12.2022 समय 14:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-MLJ-TW-57-22-1 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.12.2022 समय 14:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.12.2022 समय 14:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-HRN-TW-66-22-1 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.12.2022 समय 14:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.12.2022 समय 14:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-MEM-TW-74-22-1 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.12.2022 समय 14:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.12.2022 समय 15:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-MLPR-TW-63-22-2 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.12.2022 समय 14:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.12.2022 समय 15:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-GNG-TW-10-22-1 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.12.2022 समय 14:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.12.2022 समय 15:20 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-BSE-TW-62-22-1 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.12.2022 समय 14:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.12.2022 समय 15:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-PFM-TW-63-22-1 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.12.2022 समय 14:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.12.2022 समय 15:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-MAY-TW-72-22-1 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.12.2022 समय 14:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.12.2022 समय 15:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-SKN-TW-60-22-1 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.12.2022 समय 14:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.12.2022 समय 16:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-LBA-TW-59-22-1 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.12.2022 समय 14:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.12.2022 समय 16:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-HGH-TW-65-22-1 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.12.2022 समय 14:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.12.2022 समय 16:20 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-LOT-TW-71-22-1 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2022 समय 14:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2022 समय 16:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-PBH-TW-16-22-1 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2022 समय 14:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2022 समय 14:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-ANTU-TW-61-22-1 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2022 समय 14:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2022 समय 14:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-UTR-TW-70-22-1 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2022 समय 14:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2022 समय 14:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-LLJ-TW-73-22-1 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2022 समय 14:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2022 समय 15:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-SOP-TW-75-22-1 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2022 समय 14:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2022 समय 15:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-MFKA-TW-58-22-1 (Parking - Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2022 समय 14:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2022 समय 15:20 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-JOP-MX-32-22-1 (Parking - Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2022 समय 14:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2022 समय 15:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Aution Model of **www.ireps.gov.in** |

**मण्डल कार्यालय, लखनऊ**
**दिनांक : 08.12.2022** **3270/22**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सम्पादकीय

## सच्चे लेखक का जाना

**लापिएर और कॉलिंस** दिल्ली में गांधी जी के करीबी सहयोगी बृज कृष्ण चांदीवाला से लेकर कुलदीप नैयर, खुशवंत सिंह, राजनेता डॉ करण सिंह और ओबेराय होटल के मालिक एमएस ओबराय से मिल रहे थे. इस पुस्तक ने बाजार में आते ही तहलका मचा दिया था. तथ्यों को रोचक शैली में पेश करने में फ्रीडम एट मिडनाइट अतुलनीय पुस्तक के रूप में याद की जाती है. रेलवे बोर्ड के पूर्व मेंबर डॉ रविंद्र कुमार अपने प्रिय लेखक डॉमिनिक लैपिएर के निधन का समाचार सुन उदास हो गये. उन्हें याद आ रहा था गुजरा हुआ दौर, जब 1977 में प्रगति मैदान के बुक फेयर में उन्हें फ्रीडम एट मिडनाइट पर लैपिएर का आटोग्राफलेने का मौका मिला था. उस बुक फेयर में लैपिएर ही थे. उन्हें पाठकों ने घेर रखा था. उनसे प्रश्न पूछे जा रहे थे. वे तब कितने खुश थे. अब बस यादें बची हैं. डॉमिनिक लैपिएर फ्रीडम एट मिडनाइट को लिखने के दौरान रामकृष्ण डालमिया की पत्नी दिनेश नंदिनी डालमिया से भी मिले. उन्होंने ही लैपिएर को बताया था कि उनके पति ने करीब ढाई लाख रुपये में मोहम्मद अली जिन्ना से उनका 10 औरंगजेब रोड (अब एपीजे अब्दुल कलाम रोड) का बंगला खरीदा था. उसे खरीदने के बाद उसे गंगाजल से धुलवाया भी था. इस तथ्य को किताब में जगह मिली. इन छोटे-छोटे, पर अहम तथ्यों को शामिल करने से उनकी किताब को पाठकों ने हाथों-हाथ लिया था. फ्रीडम एट मिडनाइट को आगे चलकर हिंद पॉकेट बुक्स ने श्आजादी आधी रात कोश् नाम से हिंदी में छापा. इसे भी पाठकों ने खूब पढ़ा. आजादी आधी रात को में सनसनीखेज खुलासा किया गया था कि अगर भारत के अंतिम वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन को पता चल गया होता कि जिन्ना 'सिर्फ कुछ महीनों के मेहमान' हैं, तो वे बंटवारे के बजाय जिन्ना की मौत की प्रतीक्षा करते. हालांकि यह बात सिर्फ जिन्ना के हिंदू डॉक्टर को पता थी, जिसने अपने मरीज के साथ विश्वासघात नहीं किया. डॉमिनिक लैपिएर दिल्ली में अशोक होटल या इंपीरियल होटल में ही ठहरते थे. वे यहां पर हिंद पॉकेट बुक्स और फुल सर्किल पब्लिशिंग हाउस के मैनेजिंग डायरेक्टर शेखर मल्होत्रा के मेहमान होते थे. वे जब तक दिल्ली में रहते, शेखर मल्होत्रा के जोर बाग वाले घर में लेखकों और पाठकों के बीच संवाद जारी रहता. लैपिएर अपनी लेखन यात्रा पर बात करते. शेखर मल्होत्रा अपने दोस्तों, लेखकों और किताबों के शैदाइयों को उनसे मिलने के लिए बुला लेते. शेखर मल्होत्रा ने डॉमिनिक लैपिएर की किताब फाइव पास्ट मिडनाइट को भारत में लांच किया था.

यह किताब भोपाल गैस त्रासदी की कहानी बयां करती है. इसका दिल्ली में विमोचन भी हुआ था. विश्व की भीषणतम औद्योगिक दुर्घटना या विभीषिका पर यह कालजयी पुस्तक है. इसे उन्होंने अपने साथी जेवियर मोरो के साथ मिलकर लिखी थी. उन्होंने श्भोपाल विभीषिकाश् पर लिखी पुस्तक की सारी रॉयल्टी प्रकाशन के बाद से ही गैस पीड़ितों के कल्याण के लिये देने की घोषणा कर दी थी. डॉमिनिक लैपिएर की दो पुस्तकें श्ओश्जेरुसलमश् और श्इज पेरिस बर्निंगश् अपने प्रकाशन वर्षों में बेस्ट सेलर रही हैं. तीन दिसंबर को भोपाल गैस त्रासदी की बरसी थी और चार दिसंबर को इस महान लेखक ने दुनिया से प्रस्थान किया. डॉमिनिक लैपिएर के दिल्ली के सबसे करीबी मित्र शेखर मल्होत्रा का कोरोना के कारण 2021 में निधन हो गया था. वे प्रकाशक और किस्सागो दोनों थे. अपने पिता दीनानाथ मल्होत्रा की 2017 में मृत्यु के बाद से वे ही अपने परिवार का सारा प्रकाशन का काम देख रहे थे.

डॉमिनिक लैपिएर ने सिटी ऑफ जॉय नामक एक प्रसिद्ध उपन्यास भी लिखा. यह कोलकाता के जीवन, उसके सुख-दुख पर गहरी नजर डालता है. लैपिएर और उनकी पत्नी दोनों विशेष रूप से विकलांग बच्चों के लिए सहायता, प्रेम, सहानुभूति रखते थे. वर्ष 1985 में आयी उनकी किताब सिटी ऑफ जॉय कलकत्ता (आज का कोलकाता) के एक रिक्शा वाले की कहानी है जो भारत में बेहद लोकप्रिय हुई. उन्होंने अपनी पुस्तक से हुई कमाई को भारत में टीबी तथा कोढ़ से ग्रस्त मरीजों के इलाज पर खर्च किया था. वर्ष 2005 में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा था कि उनकी किताब से हुई कमाई से 24 वर्ष में करीब 10 लाख टीबी मरीजों का इलाज संभव हो सका तथा कोढ़ ग्रस्त करीब 9,000 बच्चों की देखभाल की जा सकी।

# एमसीडी के नतीजे सामने आए

**एक्जिट पोल्स में आंकड़े भाजपा के पक्ष में थे। लेकिन आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल बार-बार दावा कर रहे थे कि ये अनुमान गलत साबित होंगे और दिल्ली की जनता आप के साथ जाएगी। ऐसा ही हुआ भी। इसे अरविंद केजरीवाल का आत्मविश्वास से अधिक जमीन पर पकड़ मानना चाहिए। देश के तमाम नगर निगमों में हर पांच साल में चुनाव होते हैं। हर शहर और महानगर के स्थानीय मुद्दे होते हैं, जिनमें बड़ी-छोटी पार्टियों के स्थानीय नेताओं को जनता पार्षद के लिए चुनती है।**

**हिमाचल प्रदेश और** गुजरात विधानसभा चुनावों की गहमागहमी के साथ ही इस बार दिल्ली नगर निगम चुनावों की हलचल भी बनी रही। तीनों ही चुनावों में मुख्य मुकाबला भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच रहा। हिमाचल प्रदेश और गुजरात के नतीजे आज 8 दिसंबर को आएंगे। लेकिन इससे पहले सात दिसंबर को एमसीडी के नतीजे सामने आए। जिसमें दिल्ली पर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने बहुमत हासिल कर भाजपा की 15 बरसों की बादशाहत को खत्म कर दिया है। एक्जिट पोल्स में आंकड़े भाजपा के पक्ष में थे। लेकिन आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल बार-बार दावा कर रहे थे कि ये अनुमान गलत साबित होंगे और दिल्ली की जनता आप के साथ जाएगी। ऐसा ही हुआ भी। इसे अरविंद केजरीवाल का आत्मविश्वास से अधिक जमीन पर पकड़ मानना चाहिए। देश के तमाम नगर निगमों में हर पांच साल में चुनाव होते हैं। हर शहर और महानगर के स्थानीय मुद्दे होते हैं, जिनमें बड़ी-छोटी पार्टियों के स्थानीय नेताओं को जनता पार्षद के लिए चुनती है। लेकिन राजनीति के मौजूदा दौर में पंचायत से लेकर नगरीय निकाय और विधानसभा से लेकर लोकसभा चुनाव तक अब राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन जाते हैं। भाजपा हर छोटे चुनाव में जीत की सारी संभावनाएं तलाश करती है। हार की जरा सी भी गुंजाइश नहीं छोड़ती। बूंद-बूंद जीत से वह सत्ता का बड़ा सागर भरने की रणनीति पर चलती है। इसके लिए चाहे उसकी आलोचना की जाए या प्रशंसा की जाए, मगर बाकी दल इस प्रवृत्ति की उपेक्षा नहीं कर सकते। जो करते हैं, वो घाटे में रहते हैं। बहरहाल, इन चुनावों में भी भाजपा ने पूरी मेहनत की। प्रचार के लिए बड़े से लेकर छोटे नेता तक सब मेहनत करते दिखे। अखबारों और टीवी चौनलों पर भरपूर विज्ञापन दिए गए। लेकिन फिर भी भाजपा को हार मिली। जबकि अरविंद केजरीवाल ने झाड़ू का कमाल एक बार फिर दिखा दिया है। केंद्र शासित राज्य दिल्ली में आम आदमी पार्टी बार-बार भाजपा को हराते आ रही है। और अब उस नगरनिगम पर भी आप का कब्जा हो गया है, जिसे भाजपा अपना गढ़ मान बैठी थी। अब तक दिल्ली नगर निगम तीन हिस्सों में बंटा हुआ था और इसी हिसाब से वार्ड भी बंटे थे। 2012 में तत्कालीन शीला दीक्षित सरकार ने दिल्ली नगर निगम को तीन हिस्सों में बांटने का फैसला लिया था। उस वक्त भाजपा इसके विरोध में थी। तब आप का अस्तित्व नहीं था। फिर कांग्रेस सरकार को हरा कर आप की सरकार बनी और नगर निगम पूर्ववत बंटा रहा। लेकिन इस पर भाजपा की ही सत्ता कायम रही। इस साल मार्च महीने में केंद्रीय कैबिनेट ने दिल्ली एमसीडी के एकीकरण पर मुहर लगा दी। इसके बाद दिल्ली नगर निगम में फिर से वही व्यवस्था लागू हो गई, जो 10 साल पहले थी। अब एमसीडी वार्ड की संख्या 272 से घटकर 250 हो गई और तीनों निगम मिलाकर एक हो गए। भाजपा की एक लंबे समय से चली आ रही मुराद तो पूरी हो गई, लेकिन इसके साथ ही उसके हाथ से एमसीडी की सत्ता चली गई। जब भाजपा ने निगमों के एकीकरण की प्रक्रिया शुरु की थी, तो अरविंद केजरीवाल ने इसे भाजपा की चाल बताया था। आप का आरोप था कि ये एमसीडी चुनाव टालने के लिए किया गया है, ताकि भाजपा गुजरात और हिमाचल प्रदेश के बाद यहां चुनाव कराए। इस मुद्दे को लेकर आप सुप्रीम कोर्ट तक गई थी। बहरहाल, अब एमसीडी के एकीकरण का फैसला भाजपा की चाल रही हो या फिर सोची-समझी रणनीति, ये दांव फिलहाल भाजपा के खिलाफ और आप के पक्ष में चला गया है। 250 वार्डों में आप को 134 और भाजपा को 104 पर जीत मिली है। हार-जीत का अंतर बहुत बड़ा नहीं है, लेकिन रेखांकित करने योग्य है। भाजपा इस वक्त जनाधार, सदस्य संख्या और संपत्ति के लिहाज से देश की सबसे ताकतवर पार्टी है, जबकि आप का सफर शुरु हुए अभी एक दशक भी




नहीं हुआ। दिल्ली के अलावा केवल पंजाब में उसकी सत्ता है। आप पर बार-बार भाजपा की बी टीम होने का आरोप लगता है। जो कई मौकों पर सही भी लगता है। क्योंकि अरविंद केजरीवाल भले नयी राजनैतिक लकीर खींचने का दावा करें, मगर हिंदुत्व जैसे मुद्दों पर वे भाजपा की बनाई लकीर पर ही चलते दिखते हैं। आप भले ही अपने आपको भाजपा के मुकाबले खड़े करने की बात करे, लेकिन उसके निशाने पर कांग्रेस उसी तरह रहती है, जैसे भाजपा के। बल्कि अरविंद केजरीवाल आप को कांग्रेस का विकल्प बनाकर पेश करते हैं। हालांकि ऐसा होना फिलहाल संभव नहीं है। मगर ये कल्पना सच हुई तो क्या पक्ष और विपक्ष में एक जैसी सोच वाले दल रहेंगे, इस पर भी गौर कर लेना चाहिए। खैर, दिल्ली सरकार के बाद अब एमसीडी पर भी आप का शासन कायम होगा। यानी दिल्ली में प्राथमिक विद्यालय, बाजारों की साफ -सफाई, सार्वजनिक शौचालय, फ्लाई ओवर की देखरेख, मलिन बस्तियों का विकास, सड़कों पर रौशनी की व्यवस्था, पानी की आपूर्ति, कूड़े की सफाई, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, इन सबका जिम्मा भी अब आप के पास ही होगा। अब तक जनता के रोजमर्रा के जीवन से जुड़े इन मुद्दों पर राजनीति के कारण सही तरीके से काम नहीं होता था। भाजपा अपनी खामियों के लिए आप को जिम्मेदार ठहराती थी, आप अपने पास शक्ति न होने का रोना रोती थी। लेकिन अब दिल्ली और एमसीडी दोनों की सत्ता उसके पास होगी। हालांकि केंद्र शासित राज्य होने से दिल्ली की कई शक्तियां केंद्र सरकार के पास हैं, तो आप के लिए अब भी इस बात की गुंजाइश बची हुई है कि अपनी खामियों का ठीकरा वह केंद्र सरकार पर फोड़ दे।**-एजेंसी**

# आईटी सेक्टर में बढ़ा स्कोप

**हाल के दिनों में बड़ी** वैश्विक तकनीकी कंपनियों में व्यापक पैमाने पर हो रही छंटनी से चिंता पैदा होना स्वाभाविक है. हमें इस स्थिति की पृष्ठभूमि को देखना चाहिए. हम अभी जो होता हुआ देख रहे हैं, कमोबेश यही हालत कोविड महामारी से पहले के दौर में थी. जब महामारी ने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया, तब अन्य क्षेत्रों की तरह तकनीकी क्षेत्र में भी मांग व आपूर्ति का अनुपात घटा और यह लगभग 20 प्रतिशत के स्तर पर आ गया. जब महामारी की रोकथाम से संबंधित पाबंदियों में ढील देने का सिलसिला शुरू हुआ तथा आर्थिक व कारोबारी गतिविधियों में तेजी आने लगी, तो 2021 के अंतिम कुछ महीनों तथा इस साल के शुरू में मांग में भी बढ़ोतरी आयी. इसी के साथ मांग का हिसाब 80-90 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गया. इसकी एक बड़ी वजह यह थी कि यूरोप और अमेरिका समेत कई देशों में अपनी अर्थव्यवस्था और व्यापार प्रक्रिया के डिजिटलीकरण की होड़ लग गयी ताकि भविष्य में ऐसी किसी महामारी की स्थिति में कारोबार पर असर न हो या कम हो. इसे ऐसे समझने की जरूरत है कि मांग को जो स्तर महामारी से पहले 50 प्रतिशत था, वह कोरोना काल में 20 प्रतिशत हुआ और फिर उसमें बड़ी उछाल आयी तथा वह लगभग 90 फीसदी के आसपास जा पहुंचा. आज हम फिर से मांग को 50 प्रतिशत के आसपास आता हुआ देख रहे हैं.

भारतीय टेक कंपनियों में जो छंटनी या भर्ती प्रक्रिया धीमी होने की स्थिति हम आज देख रहे हैं, उसका कारण भविष्य के आकलन का गलत साबित होना है. कंपनियों को ऐसा लगा कि कोरोना काल के तुरंत बाद

**जब महामारी ने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया, तब अन्य क्षेत्रों की तरह तकनीकी क्षेत्र में भी मांग व आपूर्ति का अनुपात घटा और यह लगभग 20 प्रतिशत के स्तर पर आ गया. जब महामारी की रोकथाम से संबंधित पाबंदियों में ढील देने का सिलसिला शुरू हुआ तथा आर्थिक व कारोबारी गतिविधियों में तेजी आने लगी, तो 2021 के अंतिम कुछ महीनों तथा इस साल के शुरू में मांग में भी बढ़ोतरी आयी. इसी के साथ मांग का हिसाब 80-90 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गया।**

जो मांग में तेज वृद्धि हुई है, वह लंबे समय तक बरकरार रहेगी. ऐसे में नये कर्मियों की भर्ती भी तेज हुई और बड़ी कंपनियों ने अपने यहां कार्यरत लोगों को रोकने के लिए उनके वेतन-भत्ते में मुंहमांगी बढ़ोतरी भी की. आकलनों के अनुसार टेक बाजार में कई साल तक बढ़त होनी थी. ऐसे में कंपनियों ने कॉलेजों से नयी प्रतिभाओं को भी बड़ी संख्या में नौकरियां दीं ताकि वे दौड़ में बने रहें और उनके पास लोगों की कमी न रहे. इस मामले में यह भी हुआ कि बहुत से छात्रों ने कंपनियों से ऑफर लेटर तो हासिल किया, लेकिन नौकरी ज्वाइन करने की तारीख नहीं ली. उसके बाद रूस और यूक्रेन के युद्ध का असर अमेरिका और यूरोप की अर्थव्यवस्था पर जब पड़ना शुरू हुआ, तो अमेरिकी टेक कंपनियों, जैसे- गूगल, आमेजन, फेसबुक-मेटा आदि, को छंटनी करने पर मजबूर होना पड़ा. उसका असर अन्य देशों में उनके कारोबार और कार्यालयों पर भी हुआ. यहां हम ट्विटर में हुई छंटनी का उल्लेख नहीं करेंगे क्योंकि वहां ऐसे कंपनी के प्रबंधन बदलने के कारण हुआ है तथा एक तरह से यह अपेक्षित भी था. अपने देश की कुछ कंपनियों में छंटनी हो रही है, वह इसलिए है कि बढ़त और अनुमान को देखकर उन्होंने अंधाधुंध भर्तियां की तथा अब जब मांग में एक स्थिरता आ रही है, तो उन्हें लोगों को हटाना पड़ रहा है. लेकिन भारत में तकनीकी क्षेत्र में अभी ऐसी स्थिति कतई नहीं आयी है कि लोगों को नौकरियां नहीं मिलेंगी. अभी भी भर्ती हो रही है, मांग कम होने से उनकी रफ्तार कम है तथा पहले जिस तरह से वेतन आदि तय हो रहे थे, वैसा नहीं हो रहा है. मुझे ऐसा लगता है कि रूस-यूक्रेन युद्ध और अन्य वैश्विक आर्थिक कारणों का असर कुछ समय तक रहेगा. एक-दो तिमाहियों के बाद हम फिर एक बार तकनीकी बाजार में उछाल देखेंगे और मांग में बढ़ोतरी होगी. हाल में आइटी सेक्टर की कंपनियों ने जो अपनी तिमाही या छमाही कारोबारी रिपोर्ट दी है, उसमें उन्होंने बताया है कि उनके पास भविष्य के लिए ठोस रणनीति है. ऐसे में हमें कारोबार कम होता हुआ नहीं दिख रहा है, इसलिए यह कहा जा सकता है कि कुछ महीनों बाद स्थिति सामान्य हो जायेगी. जहां तक अमेरिका स्थित आइटी कंपनियों की बात है, तो जैसा हमने पहले कहा कि युद्ध और अन्य कारकों से अमेरिकी अर्थव्यवस्था दबाव में है. यही स्थिति यूरोप में भी है. कई और देशों में भी अनिश्चितता की स्थिति है. उन कंपनियों में अच्छी संख्या में भारतीय या भारतीय मूल के लोग कार्यरत है. वे कामकाजी वीजा पर वहां गये हैं. नियमों के अनुसार, अगर इन्हें छह माह के भीतर नौकरी नहीं मिलती है, तो उन्हें वापस




आना पड़ेगा. यह चिंता की बात है, पर हम इसके लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते है. अगर अमेरिका और कुछ यूरोपीय देशों की सरकारें इस संबंध में सहानुभूति के साथ व्यवहार करती हैं, तो वह स्वागतयोग्य होगा. जो छात्र हमारे देश में आइटी शिक्षा ले रहे हैं, उन्हें यह समझना होगा कि भारत में हजारों कंपनियां हैं. बड़ी कंपनियों में नौकरी की इच्छा करना अच्छी बात है, लेकिन बहुत सारी छोटी कंपनियों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए. बहुत छात्र सोचते हैं कि अगर वे बड़े ब्रांड के साथ करियर शुरू करेंगे, तो उन्हें आगे फायदा होगा. हकीकत में ऐसा नहीं होता. अगर वे छोटी कंपनियों में कुछ समय काम कर बड़ी कंपनियों का दरवाजा खटखटायेंगे, तो उन्हें ज्यादा तरक्की मिलेगी।**-एजेंसी**

# आलेख — भाजपा पर भारी केजरीवाल की सियासत

**दिल्ली नगर निगम पर** अरविंद केजरीवाल का कब्जा हो गया. यदि 2017 के नगर निगम चुनाव की तुलना में देखें, तो भाजपा की हार बड़ी है, लेकिन 2020 के विधानसभा नतीजों के हिसाब से देखें, तो आम आदमी पार्टी की जीत भी बड़ी नहीं है. साल 2013 में केजरीवाल के उभार के बाद लोकसभा के दो चुनाव हुए हैं, जिनमें भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी ताकत झोंकी. लेकिन विधानसभा चुनाव में दिल्ली भाजपा ने वैसा उत्साह नहीं दिखाया, जिनसे कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन की उम्मीद रहती है, वे रणनीति के मसले पर पल्ला झाड़ते दिखे, जबकि अमित शाह ने खुद मोर्चा संभाल रखा था. इसका असर इतना ही हुआ कि 2015 की 67 सीटों के मुकाबले आम आदमी पार्टी की पांच सीटें कम हुई. दरअसल दिल्ली में भाजपा को संभालने वाले जो लोग हैं, उनके मानस की बुनावट अब भी दिल्ली की पुरानी जनसांख्यिकी पर केंद्रित है. यहां अस्सी के दशक तक पंजाबी, बनिया और शरणार्थी समुदाय की जनसंख्या में प्रभावी उपस्थिति थी. तब देहात के जाट और गुजर समुदाय में भाजपा का असर कम था. तब दिल्ली भाजपा पर पंजाबी, बनिया और शरणार्थी समुदाय के नेताओं का बोलबाला था. अब स्थिति बदल चुकी है. पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड मूल के लोगों की संख्या बढ़ी है. अपने मूल राज्यों में ये लोग या उनके परिजन ज्यादातर भाजपा के समर्थक हैं. पर यही लोग दिल्ली में केजरीवाल के साथ नजर आते हैं. इसकी मोटी वजह यह है कि पुरानी जनसांख्यिकी से प्रभावित दिल्ली भाजपा का नेतृत्व नयी जनसांख्यिकी के मुताबिक राजनीति करने और कार्यकर्ता बनाने का मानस नहीं बना

**साल 2013 में केजरीवाल के उभार के बाद लोकसभा के दो चुनाव हुए हैं, जिनमें भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी ताकत झोंकी. लेकिन विधानसभा चुनाव में दिल्ली भाजपा ने वैसा उत्साह नहीं दिखाया, जिनसे कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन की उम्मीद रहती है, वे रणनीति के मसले पर पल्ला झाड़ते दिखे, जबकि अमित शाह ने खुद मोर्चा संभाल रखा था. इसका असर इतना ही हुआ कि 2015 की 67 सीटों के मुकाबले आम आदमी पार्टी की पांच सीटें कम हुई.**

पाया है. इसके अनुसार नेता उभारने की हिचक भी नेतृत्व में दिखती है. यह ठीक है कि दिल्ली भाजपा का अध्यक्ष बिहार मूल के मनोज तिवारी को बनाया गया, लेकिन जमीनी स्तर पर उनकी सहज स्वीकार्यता भाजपा में नहीं बनी. आदेश गुप्ता भले ही वणिक समुदाय से हैं, लेकिन उनकी पृष्ठभूमि उत्तर प्रदेश के कन्नौज से जुड़ी है. कह नहीं सकते कि भाजपा के भीतर उन्हें कितना स्वीकार किया गया है. केजरीवाल ने शुरू से अपनी राजनीति में नयी जनसांख्यिकी आधारित वैचारिकता को बढ़ावा देने की कोशिश की है. उन्होंने हर बार उत्तराखंड, बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश मूल के कार्यकर्ताओं पर ज्यादा भरोसा जताया है. उनका भी स्वभाव केंद्रीयकृत व्यवस्था को बढ़ावा देने वाला है, पर यह भी सच है कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के प्रवासी समुदायों को मिलाकर ऐसा सियासी कोलाज बनाया है, जिसकी धमक अब नगर निगम के नतीजों में भी दिखी है. पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं में यह संदेश देने की कोशिश की है कि वह सत्ता में हर समुदाय के लोगों को भागीदारी देने वाली है. इसका असर यह है कि भाजपा की तमाम रणनीतियों पर केजरीवाल का कोलाज हावी हुआ है. केजरीवाल का दावा था कि भाजपा को बीस से ज्यादा सीटें नहीं आयेंगी. पर भाजपा पांच गुना से ज्यादा सीटें जीती है. इसका मतलब यह भी है कि दिल्ली के लोग पार्टी के स्तर पर भाजपा को लेकर ज्यादा गुस्से में नहीं हैं, बल्कि उनका गुस्सा स्थानीय स्तर पर चुनावी मैदान में खड़े भाजपा के उम्मीदवारों पर था. दक्षिण दिल्ली के मेयर रहे भाजपा उम्मीदवार को लेकर स्थानीय स्तर पर भाजपा कार्यकर्ता नारा लगाते नहीं थके थे कि श्मोदी तुझसे बैर नहीं, स्थानीय उम्मीदवार की खैर नहीं।**-एजेंसी**

## दैनिक राशिफल

**मेषः-** विभागीय परिवर्तन से थोड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अन्दर धैर्य व वाणी में मधुरता लाएं। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। सफलता के आसार हैं।

**बृषभः-** अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। आकांक्षाओं की पूर्ति के आसार बनेंगे।

**मिथुनः-** संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। अच्छे कायरे द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीतिज्ञों के लिए ग्रहों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क :-**बीती हुई बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में कुछ अच्छे अवसर बनेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा।

**सिंहः-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों की पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। भावावेष में किये गये कार्य से कष्ट होने की संभावना। संभल कर कार्य करें।

**कन्याः-** किसी नए कार्य में आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केन्द्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा।

**तुलाः-** महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में अत्यधिक व्यय के योग हैं। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी।

**वृश्चिकः-** भावनात्मक समस्याओं पर सम्बन्धों में खुल कर बात करें। कुछ नये उत्साह व क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कायरे को कल पर न टालें। प्रियजनों का सन्निध्य प्राप्त होगा।

**धनुः-** मन सुन्दर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। नए सम्बन्ध के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में सन्तुष्ट व तृप्त होने का प्रयत्न करें। अनावश्यक सपनों के झांसे में न आएं।

**मकरः-** निकटस्थ सम्बन्धों में शंकाओं को न हावी होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति के आसार हैं। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। सम्बन्धों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीवन सुखमय होगा।

**कुंभः-** राजनीतिक क्षेत्र के व्यक्तियों के लिए अनुकूल समय। अच्छे कायरे के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**मीनः-** परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव्र। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के आसार हैं।





## आज का सुविचार

:- सुविचार :-

**रिश्तों की कदर भी पैसों की तरह ही करनी चाहिए क्योंकि दोनों को कामना मुश्किल पर गँवाना आसान।**

# नैमिषारण्य को वैदिक, आध्यात्मिक और धार्मिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा




**लखनऊ, (यूएनएस)।** उत्तर प्रदेश सरकार का पर्यटन विभाग सीतापुर के नैमिषारण्य और मिश्रिख-नीमसार का कायाकल्प करने जा रहा है। एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान के मुताबिक, नैमिषारण्य को वैदिक, आध्यात्मिक, धार्मिक और इको टूरिज्म के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने पर्यटन विभाग के आला अधिकारियों को इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में मंत्रिपरिषद की बैठक में नैमिषारण्य को पौराणिक महत्व के अनुरूप आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के तौर पर विकसित करने का निर्णय लिया गया था। साथ ही यहां नैमिषारण्य तीर्थ विकास परिषद के गठन का भी फैसला किया गया था। मुख्य सचिव के समक्ष पर्यटन विभाग की ओर से डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ की आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग फैकल्टी ने प्रस्तुतिकरण दिया। इसमें नैमिषारण्य के विकास का पूरा मास्टर प्लान समझाया गया। इसके तहत नैमिषारण्य को इसके प्राकृतिक और मानव निर्मित विविध स्रोतों के कारण चार पर्यटन क्षेत्रों में बांटा जाएगा। बैठक के दौरान पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि यहां बने मां ललिता देवी मंदिर में कई द्वार हैं और सामने कई दुकानों की वजह से जाम की स्थिति रहती है, जिस पर काम किया जाएगा। मेश्राम ने कहा कि यहां का कुंड इस्तेमाल में नहीं है, जिसे पुनरू शुरू किए जाने की आवश्यक्ता है। उन्होंने बताया कि नैमिषारण्य में आम नागरिकों के लिए जरूरी सुविधाओं और उनके रखरखाव पर भी ध्यान दिया जाएगा। इसी तरह, चक्र तीर्थ में प्रवेश द्वार से लेकर शौचालय ब्लॉक, चक्रतीर्थ कुंड की सफाई और गौकुंड, सत्संग भवन, सभा स्थल और प्रतीक्षा क्षेत्र के अलावा गोदावरी कुंड और ब्रह्म कुंड को ठीक किया जाएगा मेश्राम के मुताबिक, ÷धार्मिक स्थलों के साथ-साथ शहर पर भी काम किए जाने की जरूरत है। शहर के प्रवेश द्वारों के साथ-साथ ट्रांटीवी नोड विकसित किए जाएंगे। इसके अलावा, वहां डेडिकेटेड पार्किंग की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग प्वॉइंट के अलावा पर्यटक सुविधा केंद्र, धर्मशाला, फूड कोर्ट जैसी आम नागरिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। मेश्राम के अनुसार, नैमिषारण्य में तीर्थयात्रियों के लिए डेडिकेटेड फुटपाथ भी बनेंगे। यही नहीं, 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में भी आम नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनमें प्रतीक्षालय, कैफेटेरिया, चेंजिंग रूम और शौचालन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि घाटों का चौड़ीकरण एवं अन्य जरूरी चीजों का विकास भी किया जाएगा। मेश्राम ने बताया कि सीतापुर शहर प्रमुख रूप से भूजल संसाधनों पर निर्भर है, इसलिए भूजल की कमी से बचने के लिए एक विकल्प की आवश्यकता है। इस प्रकार विकास क्षेत्र में वर्षा जल संचयन किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ÷वर्षा जल संचयन प्रणाली को अपनाने के लिए अधिकारियों को लोगों को प्रोत्साहित करना चाहिए। सभी सार्वजनिक भवनों में नयी इमारतों में वर्षा जल संचयन प्रणाली उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इसके अलावा, पांच हजार वर्ग मीटर से अधिक के परिसर के विकास के लिए एक वर्षा जल प्रणाली प्रदान की जानी आवश्यक है।÷ इससे पहले, 25 नवंबर को मंत्रिपरिषद की बैठक में बताया गया था कि पौराणिक महत्व के अनुरूप नैमिष धाम संवरेगा और वहां का समन्वित विकास होगा। सीतापुर और हरदोई जिले के 36 गांवों को मिलाकर श्नैमिषारण्य तीर्थ विकास परिषदश् का गठन किया जाएगा। तीर्थ विकास परिषद का मुख्यालय सीतापुर में होगा। जानकारों के अनुसार, 88,000 ऋषियों की पावन तपस्थली नैमिषारण्य की पौराणिक महत्ता है। गठित होने जा रहे तीर्थ विकास परिषद का विस्तार सीतापुरध्हरदोई के भीतर स्थित नैमिषारण्य क्षेत्र में होगा। नैमिषारण्य क्षेत्र के विरासत के संरक्षण का ज्ञान, अनुभव, अभिदर्शन वाले ऐसे पांच प्रख्यात व्यक्ति राज्य सरकार के परामर्श से अध्यक्ष द्वारा नामित किए जाएंगे।

## होटल व्यवसाई की इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने सीएचसी में किया हंगामा

**रायबरेली, (यूएनएस)।** जिले में एक होटल व्यवसाई की मौत के बाद अस्पताल में परिजनों ने जमकर हंगामा काटा है। परिजनों ने आरोप लगाया कि डॉक्टर इलाज के बाद अस्पताल से लापता हो जाते थे। जिसके चलते सही से इलाज नहीं हो पाया। इसी वजह से हमारे मरीज की मौत हुई है। इन पर कार्यवाही होनी चाहिए। सूचना पर भारी संख्या में मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया तब हंगामा बंद हुआ। पूरा मामला बछरावां थाना क्षेत्र के सीएचसी का है। जहां पर होटल व्यवसाई रामप्रसाद की इलाज के दौरान मौत हो गई है। परिजन अनूप मिश्रा का आरोप है कि उनके बड़े भाई राम प्रसाद की सही से इलाज नहीं हुआ। उनका इलाज गलत तरीके से किया गया है। जिससे उनकी मौत हुई है। उन्होंने बताया कि पहले ड्रिप चढ़ाई गई उसके बाद इंजेक्शन लगा दिया गया। गलत इंजेक्शन लगाने से मेरे भाई की मौत हुई है। डॉक्टर पर कार्यवाही नहीं होती है तो हम और आगे तक जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिस डॉक्टर ने इलाज किया था वह अस्पताल परिसर से गायब है। वह लापता हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। घंटों समझाने पर परिजनों की सहमति के बाद शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू की है। फिलहाल परिजनों को समझा-बुझाकर पुलिस ने घर भेज दिया है। बछरावां सीएचसी में तैनात डॉक्टर संजीव शुक्ला ने बताया कि रामप्रसाद जिसकी उम्र लगभग 40 साल है। उसे नशे की हालत में लाया गया था। प्राथमिक उपचार करके जिला अस्पताल के लिए रेफर करने की बात कही गई थी। लेकिन परिजनों को रामप्रसाद की तबीयत सही लगी तब उसे घर ले जाने की जिद करने लगे। जब रोका गया, तो उन्होंने बात नहीं मानी थोड़ी देर बाद घर लेकर चले गए। उसके 2 घंटे बाद फिर से लेकर आए तो बताया कि हालत बिगड़ रही है। जिसके बाद फिर से ट्रीटमेंट किया गया। इस दौरान उनकी मौत हो गई इलाज पूरी तरीके से किया गया है। पूरी जिम्मेदारी के साथ पूरी कोशिश की गई है। इलाज सही तरीके से किया गया है। उसमें कोई दो राय नहीं है।

## बीबीएयू पहुंचे टीवी एक्टर रोहिताश्व गौर

**स्ट्रगल के दिनों को किया याद, स्टूडेंट्स को दिया सक्सेस टिप्स**

**लखनऊ, (यूएनएस)।** गुरुवार को बीबीएयू यानी बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में टीवी एक्टर रोहिताश्व गौर पहुंचे। स्टूडेंट्स से मुखातिब होने के दौरान टीवी सीरियल भाभी जी घर पर हैं के तिवारी जी ने जीवन के शुरुआती दौर के अनुभव को साझा किया। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में बड़े ही बेबाक तरीके से रोहिताश्व ने बताया कि बचपन से ही उन्हें अभिनय का शौक था मगर पढ़ाई में निल बटा सन्नाटा रहे। नौसीखिए की तरह स्कूल से ही अभिनय की शुरुआत की, बाद में एनएसडी में दाखिले के बाद एक पेशेवर की तरफ अभिनय के क्षेत्र में करियर की शुरुआत हुई। इस दौरान बीबीएयू कुलपति प्रो.संजय सिंह और रोहिताश्व की पत्नी डॉ रेखा गौर भी मौजूद रही तिवारी जी और भभूति जी के दिल फेंक किरदार पर रोहिताश्व गौर ने कहां कि हंसी और संघर्ष दोनों का ही जीवन में महत्व है। भाभियों के प्रति ज्यादा मुहब्बत रखने वाले इन दोनों किरदारों को समाज ने पसंद किया, उस किरदार के नाम पर पहचाने जाना ही किसी अभिनेता की सफलता है। 2000 एपिसोड पूरे कर चुके इस धारावाहिक को लोगों ने काफी सराहा। डॉ. रेखा गौर के बारें में बताते हुए रोहिताश्व ने बताया कि एक नाटक बड़े न खेले छोटे खेल के दौरान ही उनकी मुलाकात रेखा से हुई। बाद में यह जीवनभर का साथ हो गया। वही, रेखा गौर ने ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन, शिमला के बारे में बताया कि उसे रोहिताश्व के पिता ने शुरू किया था। उन्होंने कहा कि सफलता के सही मायने तब हैं जब लोग आपको मुस्कुराहट के साथ याद करे। कुलपति प्रो.संजय सिंह ने कहां कि एक कलाकार के रील और रियल लाइफ के पहलुओं और उसमें आने वाले उतार चढ़ाव को जानने और उससे सीखने का मौका स्टूडेंट्स को मिला हैं।

## नगर विकास मंत्री ने कूड़ा स्थल को साफकर किए गए सुंदरीकरण कार्य का निरीक्षण किया

**लखनऊ, (यूएनएस)।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने कहां की प्रदेश का वातावरण अच्छा हो, लोगों को स्वच्छ एवं स्वस्थ नगरीय जीवन मिले, इसके लिए प्रदेश सरकार गंभीरता से प्रयास कर रही है। प्रदेश के सभी निकायों से कूड़ा स्थलों एवं गंदगी के ढेर को समाप्त किया जा रहा है। विगत 75 घंटों के अभियान में ऐसे कूड़ा स्थलों को हटाने का ऐतिहासिक कार्य किए गए और नागरिकों को गंदगी से मुक्ति मिली है। नगर विकास मंत्री ए0के0 शर्मा लखनऊ के मखदूमपुर मलेशिया मऊ गांव में साफ किए गए कूड़ा स्थल के सुंदरीकरण के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर आयुक्त ने उन्हें बताया कि यह क्षेत्र अभी नगर निगम की सीमा में शामिल हुआ है और यह लखनऊ नगर निगम का अंतिम छोर भी है, जहां पर जाकर सफाई का कार्य किया गया है। ए0के0 शर्मा ने सभी निकाय अधिकारियों से कहा है कि सफाई का कार्य एवं कूड़ा स्थलों व गंदगी को हटाने का कार्य अभी समाप्त नहीं हुआ है। इसे निरंतर बनाए रखना है, जिससे कि शहरी जीवन एवं वातावरण में अमूल चूल परिवर्तन हो सके। उन्होंने कहा कि सभी निकाय अपने यहां के चौराहों का सुंदरीकरण कराए, जेब्रा क्रॉसिंग एवं डिवाइडर की पेंटिंग कराए, चौराहों से अवैध होर्डिंग,बैनर को भी शीघ्र हटाया जाए। स्थानीय लोगों ने मंत्री जी को बताया कि इस स्थान पर बहुत गंदगी रहती थी। यहां पर सांस लेना और यहां से निकलना मुश्किल होता था। मंत्री ने कहा कि यह स्थान दुबारा कूड़ा स्थल के रूप में परिवर्तित न हो, इसके लिए स्थानीय लोगों को भी प्रयास करने होंगे। इस पर स्थानीय निवासी राजेश यादव ने साफ सफाई व्यवस्था को बनाए रखने की जिम्मेदारी ली। मंत्री ने कहा कि हमारे सफाई कर्मी प्रातः 5:00 बजे से उठकर शहर के वातावरण को साफ सुथरा बनाने का प्रयास करते हैं। इसमें सभी शहरवासियों का भी सहयोग जरूरी है। उन्होंने शहरवासियों से भी अपील की है कि साफ सफाई में अपना सहयोग प्रदान करें। अपने घरों से समय से कूड़ा निकाले और इधर उधर न फेंके। कूड़े को कूड़ादान में डाले या कूड़ा गाड़ी को उपलब्ध कराए। उन्होंने यहां पर कराए गए सुंदरीकरण की प्रशंसा की और सफाई कर्मियों के साथ सेल्फी प्वाइंट में शेल्फी खिंचवाई। उन्होंने यहां पर रोपे गए पौधो के देखभाल करने के भी निर्देश दिए।महापौर संयुक्ता भाटिया ने कहा की प्रदेश का नगरीय परिवेश मंत्री जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है और नगरों का तेजी से विकास हो रहा है। अभी लखनऊ शहर को स्वच्छ वायु के लिए देशभर में प्रथम पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि यहां के 142 कूड़ा स्थलों को भी साफ कर दिया गया है। यह अंतिम कूड़ा स्थल था, जिसे साफ किया गया है। अब यहां पर कोई दुबारा कूड़ा न डाले इसकी जिम्मेदारी यहां के लोगो को लेनी होगी। यहां के सभी लोगो को इसकी चिंता करनी होगी। सभी के सहभागिता से ही शहरों को भव्य व स्वच्छ बनाया जा सकता है। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि लखनऊ नगर निगम के चिन्हित सभी 142 जीवीपीएस कूड़ा स्थलों को समाप्त कर दिया गया है। ऐसे स्थानों को विभिन्न रूपों में विकासित किया गया है। अभी भी जो भी कूड़ा स्थल दिखाई देंगे, उन्हें समाप्त किया जाएगा। इस दौरान अपर नगर आयुक्त, विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी, सफाई कर्मी तथा स्थानीय निवासी उपस्थित थे।

## आरएचटीसी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**अलीगढ, (यूएनएस)।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया (अलीगढ़ शाखा) के सहयोग से ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र (आरएचटीसी), जवान में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सामुदायिक चिकित्सा विभाग की अध्यक्ष, प्रोफेसर सायरा मेहनाज ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। फैकल्टी ऑफ मेडिसिन के डीन, प्रोफेसर एम यू रब्बानी ने उम्मीद जताई कि भविष्य में इस प्रकार के और सहयोग होंगे। मुख्य अतिथि, एएमयू रजिस्ट्रार, मोहम्मद इमरान (आईपीएस) ने जमीनी स्तर पर एनीमिया के बारे में जागरूकता फैलाने और भविष्य में इस तरह के शिविरों के आयोजन के महत्व के बारे में बताया। मानद अतिथि तथा प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता, जावेद सईद ने एनीमिया के उच्च प्रसार दर पर बात की और इसका इलाज प्रदान करने के लिए डॉक्टरों का आह्वान किया। जेएनएमसीएच के प्रिन्सिपल एवं सीएमएस, प्रोफेसर राकेश भार्गव ने सामुदायिक स्तर पर काम के महत्व पर जोर दिया। एओजीएस की अध्यक्ष, प्रोफेसर सीमा हकीम ने एनीमिया के दीर्घकालिक परिणामों पर बात की। स्त्री रोग विशेषज्ञों की टीम ने शिविर में आने वाली महिलाओं को निःशुल्क देखा और उनकी जांच कर उचित उपचार किया गया। जांच भी निःशुल्क की गई। स्वास्थ्य शिविर से 130 से अधिक ग्रामीण महिलाओं ने लाभ उठाया। फाउंडेशन कोर्स से जुड़े जिन शिक्षकों ने आरएचटीसी, सीएचसी, आँगनवाड़ी केंद्र का दौरा किया उनमें प्रोफेसर अतहर अंसारी, डॉ मोहम्मद सलमान शाह, डॉ अली जाफर अबेदी, डॉ तबस्सुम नवाब, डॉ नफीस फैजी शामिल थे। मेंबर इंचार्ज, आरएचटीसी, डॉ. उज्मा इरम ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एएमयू में साइबर जागरूता दिवस

**अलीगढ़, (यूएनएस)।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की छात्राओं को विमेंस कॉलेज के कौशल विकास और करियर योजना केंद्र द्वारा 'दैनिक जीवन में साइबर स्वच्छता की अवधारणा और उपयोग' पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में संवेदनशील डेटा की सुरक्षा और डाटा चोरी या साइबर हमलों से सुरक्षा के टिप्स दिए गए। कौशल विकास और कैरियर योजना केंद्र की निदेशक और विमेंस कॉलेज की प्राचार्य, प्रोफेसर नईमा खातून ने कहा कि साइबर अपराध पर जागरूकता पैदा करने के लिए हर महीने के पहले बुधवार को साइबर जागरूता दिवस मनाया जाता है, जिसमें आईटी विशेषज्ञ छात्राओं को पासवर्ड और बैंक विवरण जैसी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के लिए ऑनलाइन गोपनीयता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। यह कार्यक्रम छात्राओं को ऑनलाइन उत्पीड़न, स्टाकिंग और अन्य खतरों से बचने में भी मदद करता है। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सनों ने भारत सरकार के पोर्टल पर ऑनलाइन अपराध की शिकायत दर्ज करने का तरीका बताया और इंटरनेट नैतिकता, इंटरनेट की लत, एटीएम घोटाले, ऑनलाइन शॉपिंग धोखाधड़ी, नकली लॉटरी ईमेल और एसएमएस, धोखाधड़ी ऋण सौदों, साइबर हमले, डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड घोटाले, ईमेल और डेटा सुरक्षा और मोबाइल फोन सुरक्षा पर बात की।

## इस्लामी अध्ययन विभाग में प्रोफेसर अब्दुल अजीम इस्लाही का व्याख्यान

**अलीगढ, (यूएनएस)।** प्रख्यात अर्थशास्त्री एवं इस्लामी अर्थशास्त्र के विद्वान, प्रोफेसर नेजातुल्लाह सिद्दीकी (1391-2002), जिनका हाल ही में स्वर्गवास हो गया, और इस्लामी अध्ययन में उनकी सेवाओं पर अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के इस्लामिक स्टडीज विभाग में एक व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए प्रोफेसर अब्दुल अजीम इस्लाही ने कहा कि इस्लामी अध्ययन का विषय इस्लामी संस्कृति और सोच का अध्ययन होना चाहिए और इस्लामी विज्ञान के ग्रंथ और नियम प्राथमिक स्रोतों से प्राप्त किए जाने चाहिए और युवा विद्वानों को किसी भाषा में लिखी गई पुस्तक को सीखने और उसमें अपनी प्रवीणता विकसित करने के लिए उसका अनुवाद करना चाहिए। अतिथि वक्ता ने कहा कि प्रो. नेजातुल्लाह सिद्दीकी का सम्बन्ध शर्की सुल्तान से था जो काजी की सराय गोरखपुर में काजी के पद पर आसीन थे। उनकी व्यक्तिगत रुचि, कड़ी मेहनत और समर्पण और अनेक स्रोतों से उन्होंने कुरान और इस्लामी विज्ञान को सीखा। उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा मलिहाबाद, रामपुर माध्यमिक विद्यालय और मुस्लिम विश्वविद्यालय से प्राप्त की। उन्होंने मौलाना अख्तर अहसान इस्लाही से कुरानिक विज्ञान सीखने के लिए मदरसत-उल-इस्लाह में छह महीने बिताए। डॉ. अब्दुल अजीम इस्लाही ने बताया कि प्रो नेजातुल्लाह सिद्दीकी 14 साल तक मुस्लिम यूनिवर्सिटी में लेक्चरर रहे, उन्हें 1970 में रीडर बनाया गया और कुलपति प्रो अली मुहम्मद खुसरो के काल में उन्हें 1977 में प्रोफेसर बनाया गया। अमुवि में अपना सेवाकाल पूरा करने के बाद वह इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिसर्च इन इकोनॉमिक्स, जेद्दाह चले गए जहां उन्हें उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 1982 में किंग फैसल अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।डॉ. इस्लाही ने कहा कि प्रोफेसर सिद्दीकी ने अर्थशास्त्र के अलावा अन्य अरबी, उर्दू और अंग्रेजी भाषाओं में भी बहुमूल्य ज्ञान छोड़ा है। उनकी किताब अल-खराज (अबू यूसुफ) और अल-अदालत अल-इज्तिमायह (सैय्यद कुतुब) का अनुवाद और उनकी टिप्पणियां आज भी शोधकर्ताओं के लिए समान रूप से उपयोगी हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इस्लामिक अध्ययन विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. सलीम किदवई ने मुहम्मद नेजातुल्लाह सिद्दीकी की सेवाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों को अपने छात्र दिनों की सुखद यादों से अवगत कराया जब वह, नेजातुल्लाह सिद्दीकी और पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी आदि आफ्ताब हॉल में रहते थे।बैठक के संचालक डॉ. जियाउद्दीन फलाही ने कहा कि डॉ. नेजातुल्लाह सिद्दीकी की पांच भाषाओं में 36 पुस्तकें हैं और उनकी अंग्रेजी पुस्तक बैंकिंग विदआउट इंटरेस्ट 72 बार छप चुकी है।

## नसबंदी कराने पहुँची महिला की काट दी 1.5 इंच आंत, बिगड़ी हालत

**मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने बताई पोजीशन**

**लखनऊ, (यूएनएस)।** उत्तर प्रदेश के बदायूं में नसबंदी कराने गई महिला की 1.5 इंच आंत कट दी गई। हालत बिगड़ने पर महिला का इलाज अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। महिला के पति नरेश ने बताया कि उसकी पत्नी ने नसबंदी का ऑपरेशन दहगवां पीएचसी पर कराया था।घर आने पर पत्नी के पेट में दर्द होने लगा तो महिला को बदायूं के एक अस्पताल में दिखाया। पत्नी की हालत बिगड़ने पर अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने बताया कि पत्नी की नसबंदी के बाद 1.5 इंच की अंत काट दी गई है, जिससे तकलीफ हो रही है।डॉक्टरों ने दोबारा ऑपरेशन कराने के लिए कहा। नरेश का अब तक इलाज में लगभग 3 लाख रूपये खर्च हो चुका है। इसकी शिकायत नरेश ने अस्पताल में भी की पर किसी ने भी उसे संतोषजनक जवाब नहीं दिया और वहां से भगा दिया गया। नरेश का कहना है कि वह मेहनत मजदूरी करके और कर्जा लेकर अपनी पत्नी का इलाज करा रहा है। उसकी सुनवाई कहीं नहीं हो रही। अगर पुलिस महिला डॉक्टर के खिलाफ कार्यवाई नहीं करती है तो वह कोर्ट का सहारा लेगा।नरेश ने थाने में एक प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी दहगंवा में नसबंदी शिविर में विगत 16 नवंबर को आशा द्वारा ले जाई गई थी। आशा ने उसे 2000 रुपये का लालच भी दिया था, जिसके बाद उसकी पत्नी का नसबंदी का ऑपरेशन करा दिया गया। घर आने के बाद पत्नी की हालत बिगड़ने लगी। जिसका इलाज बदायूं में कराया गया लेकिन कोई फायदा न होने पर नरेश अपनी पत्नी को अलीगढ़ ले गया। तब नरेश को पता चला कि उसकी पत्नी की 1.5 इंच आंत कटी हुई है।

## बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद द्वारा निकाली शौर्य यात्रा

**उरई/जालौन, (यूएनएस)।** बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने शौर्य यात्रा निकाली। यात्रा में शामिल लोग जय श्रीराम का जयघोष करते रहे। कई स्थानों पर यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। शौर्य यात्रा नगर के बस स्टैंड, तहसील रोड, कोतवाली रोड, देवनगर चौराहा, पानी की टंकी से होकर निकाली गई। कार्यकर्ताओं ने ध्वजारोहण कर भारत माता और प्रभु श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किए। बजरंग दल नगर संयोजक मानवेंद्र परिहार व विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष आशीष द्विवेदी ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य हिंदू समाज को जागृत व संगठित कर संघर्षशील बनाना है। इस प्रकार की यात्राएं हिंदू समाज में शक्ति का संचार करती हैं। इस दौरान अनुराग तिवारी, डॉ. बृजेंद्र दुबे, सिंटू महाराज, अभिषेक कुशवाहा, गोलू कुशवाहा, आशीष परिहार मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## पेड़ से लटका मिला शव, मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौटा था परिवार

**उन्नाव, (यूएनएस)।** जिले के सोहरामऊ थाना क्षेत्र के दतौली गांव की रहने वाली महिला का आज सुबह संदिग्ध हालत में घर के बाहर नीम के पेड़ पर रस्सी के सहारे फंदे पर शव लटकता मिला। ग्रामीणों की जानकारी पर मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लखनऊ थाना बंथरा के हरौनी चौकी अंतर्गत तिर्वा गांव की रहने वाली कुसुमा की शादी 2004 में सोहरामऊ थाना क्षेत्र के रहने वाले राम दयाल के साथ हुई थी। बीती रात केवाना गांव में मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद कुसुमा और अन्य परिजन हंसी खुशी वापस घर लौटे थे। उसके बाद सभी अपने अपने कमरे में सोने चले गए। कुसुमा के सुबह घर पर न दिखाई देने पर परिजन खोजबीन करने लगे। इसी दरम्यान ग्रामीणों ने घर के बाहर खड़े नीम के पेड़ पर रस्सी के सहारे फंदे पर उसका शव लटकता देखा तो परिजनों को सूचना दी। मौत की सूचना मिलते ही पति और बच्चों में शैल (15), अजीत कुमार (12) और बाल कृष्ण (7) रो-रोकर बेहाल हो उठे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को पेड़ से उतरवाकर कब्जे में लिया और विधिक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस अन्य पहलुओं पर भी जांच पड़ताल कर रही है।

## मांगों को लेकर भाकियू ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

**हरदोई, (यूएनएस)।** जिले में भाकियू ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। साथ ही 9 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन पर समस्याओं का निस्तारण न करने का आरोप लगाया। जिलाध्यक्ष रामलखन पाठक ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो प्रदर्शन को बाध्य होंगे। किसानों ने अघोषित बिजली कटौती बंद करने, माइनरों और रजवाहों की सिल्ट सफाई, प्रत्येक ग्राम पंचायत में छोटी और न्याय पंचायत में बड़ी गोशाला का निर्माण, प्रत्येक ग्राम पंचायत में चक मार्ग की पैमाइश, खाद की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने की मांग की। किसानों ने कहा कि प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर सरकारी केंद्र खुलवाकर किसानों की उपज को खरीदने की व्यवस्था करवाई जाए। प्रत्येक ग्राम पंचायत में कीटनाशक का छिड़काव और पशुओं का टीकाकरण कराया जाए। किसानों ने इन सभी मांगों को अतिशीघ्र पूरा कराने की मांग की।

## नगर के कई प्रतिष्ठानों पर जीएसटी टीम का छापा, कई अभिलेख खंगाल कर ले गई साथ

**हरदोई, (यूएनएस)।** जिले में जीएसटी टीम की छापेमारी लगातार जारी है। आज तीसरे दिन भी जिला मुख्यालय पर कई व्यापारियों के यहां छापा डाला गया। छापेमारी की इस घटना से जिला मुख्यालय के व्यापारियों में हड़कंप मच गया। बुधवार को जीएसटी की टीम ने जिला मुख्यालय पर सिनेमा रोड स्थित दो प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की। जीएसटी की टीम ने तमाम अभिलेखों को खंगाला और कुछ को अपने साथ ले गई। इसके बाद टीम ने मुन्ने मियां चौराहे पर एक थोक व्यापारी के यहां छापामार कार्रवाई की। नगर में हुई इस कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। कई व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर इधर-उधर हो लिए। बताते चलें जिले में जीएसटी की टीम पिछले तीन दिनों से छापामारी कर रही है। मंगलवार को जीएसटी टीम ने पिहानी के कई व्यापारियों के अभिलेख खंगाले सोमवार को मल्लावा में तथा बुधवार को टीम ने जिला मुख्यालय पर कई प्रतिष्ठानों के यहां कार्रवाई की है इस कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है। हालांकि व्यापारियों ने जीएसटी के इस टीम के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की है। व्यापारियों का कहना है कि जीएसटी की टीम व्यापारियों को डराने का काम कर रही है साथ ही दबी जुबान से उन्होंने वसूली करने के भी आरोप लगाए हैं। व्यापारी संगठन के नेता विमलेश दीक्षित ने कहा की जनपद भर के अलग-अलग कस्बों से जीएसटी टीम की छापेमारी के बाद उनकी शिकायतें आई हैं अगर वक्त रहते जीएसटी टीम ने व्यापारियों को प्रताड़ित करना बंद नहीं किया तो व्यापारी सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**हरदोई, (यूएनएस)।** शाहाबाद इलाके में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। पोते के जन्मदिन पर मृतक गांव से टोडरपुर सीएचसी गया था। घर लौटते वक्त हादसे में उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।शाहाबाद के ककरघटा के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। अपने गांव पेढ़वा से हृदेश कुमार टोडरपुर सीएचसी गया था। जहां पोते के जन्मदिन पार्टी का आयोजन किया गया था। पोते को जन्मदिन का आशीर्वाद देने के बाद हृदेश कुमार अपने घर पेढ़वा वापस लौट रहा था। जब वह बाइक से ककरघटा के पास पहुंचा तो वहां पर किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के पास मिले आधार कार्ड से मृतक की पहचान हृदेश कुमार निवासी पेढ़वा रूप में हुई है।ग्रामीणों ने आधार कार्ड के माध्यम से अधेड़ के घर सूचना दी। हादसे की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पुत्र विवेक कुमार ने शाहाबाद पुलिस को सूचना दी है। जिसमें बताया कि उसके पिता अपने पोते के जन्मदिन के चलते टोडरपुर सीएचसी आए थे। इसके बाद सुबह वह अपने घर पेढ़वा जा रहे थे। जब वह ककरघटा पहुंचे तो किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। बेटे की तहरीर पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। शाहाबाद कोतवाल सुरेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मामला संज्ञान में है। घटना में शामिल आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जायेगा।

## फंदे से लटका मिला किशोरी का शव

**रायबरेली, (यूएनएस)।** जिले में मंगलवार देर रात 11 बजे एक किशोरी का शव उसके घर में लटका मिला। उस समय परिजन घर के बाहर थे। देर रात जब वह घर लौटे तो बेटी फांसी के फंदे पर लटकी मिला। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर भी फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि किशोरी के आत्महत्या या हत्या के बारे में परिजनों ने कुछ भी नहीं कहा है। फिलहाल जांच पड़ताल की जा रही है। पूरा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के गोरा बाजार पावर हाउस के सामने का है। जो सिविल लाइन चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आता है। मोहम्मद रियाज यहीं पर अपने परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि कल शाम को वह अपनी पत्नी के साथ बाजार में सामान खरीदने गए थे। बाजार से आते समय उन्हें 11 बजे का समय हो गया। बताया कि जब घर के अंदर आए तो देखा कि बेटी साइबा (17) फंदे पर लटक रही थी। दो कमरों के बीच में लगे ताड़ पर रस्सी के सहारे बेटी लटक रही थी। जल्दी से उसे नीचे उतारा। तब तक मां की चीख पुकार सुनकर आस पास के लोग इकट्ठा हो गए। हालांकि तब तक लड़की की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी तक परिजनों ने कुछ भी नहीं कहा है। जांच पड़ताल की जा रही है। घटनास्थल का मुआयना कराकर साक्ष्यों को इकट्ठा किया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि सूचना पर फॉरेंसिक टीम सहित पुलिस के जिम्मेदार आला अधिकारी पहुंचे थे। मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। परिजनों के आधार पर बताई गई बातों को गंभीरता से देखते हुए जांच पड़ताल करवाई जा रही है। जो तथ्य सामने आएंगे, उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

## पिकअप-बाइक की टक्कर, 2 युवक गंभीर रूप से घायल

**बस्ती, (यूएनएस)।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के चौनपुरवा गांव के सामने तेज रफ्तार एक पिकअप ने बाइक सवार को ठोकर मारकर सैलून की दुकान से टकरा कर रुक गई। ठोकर इतनी तेज थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। बाइक सवार दो चचेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें वाल्टरगंज पुलिस व पीआरबी द्वारा 108 की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया गया। एक की हालत गंभीर बनी हुई हैं। जानकारी के अनुसार सोनहा थाना क्षेत्र के अमरौली शुमाली, यादव का पुरवा निवासी चचेरे भाई सचिन (22), श्यामजीत (20) अपनी बहन को जिला अस्पताल में भर्ती कराकर वापस घर लौट रहे थे। अभी दोनों बाइक से पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के पाण्डेय बाजार-डुमरियागंज मार्ग पर चौनपुरवा गॉव के सामने पहुंचे थे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने जोरदार ठोकर मार दी। ठोकर मारने के बाद पिकअप एक सैलून की टंकी से टकराकर रुक गई। ठोकर लगने से बाइक चालक सडक पर गिर गए।

# राहुल गांधी की आत्मीयता से मंत्रमुग्ध नजर आए लोग

एजेंसी




**कोटा।** कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के आज कोटा शहर में प्रवेश के बाद जिन-जिन रास्तों से होकर गुजरी, वहां लोग उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी आत्मीयता से मंत्रमुग्ध नजर आए। राहुल गांधी ने सुबह अनंतपुरा एंट्री गेट से अपनी यात्रा शुरू करने के बाद सुबह करीब दस बजे के आसपास खेड़ली फाटक तिराहे तक पहुंचने से पहले के सफर दौरान कई लोगों खासतौर से युवाओं, युवतियों, महिलाओं, कोटा में रहकर कोचिंग कर रहे छात्रों, बच्चों को अपने पास बुला कर आगे बढ़ कर न केवल उनसे मुलाकात की बल्कि उनके सिर पर हाथ फेर कर उन्हें दुलार किया और युवाओं छात्र-छात्राओं और महिलाओं के साथ स्नेह-प्रेम के साथ संवाद किया। राहुल गांधी ने अनेक लोगों के कंधे पर हाथ रखकर पूरी आत्मीयता का प्रदर्शन किया, जिससे लोग भावविभोर नजर आये। रास्ते में चलते समय ऐसे जितने भी लोग मिले, उनसे उन्होंने बहुत संक्षेप में उनका परिचय पूछकर और उनके उद्देश्यों के बारे में जानकारी प्राप्त कर अपने लक्ष्य की प्राप्ति करने के लिए हर संभव प्रयास में जुटने का संदेश दिया। राहुल गांधी के पहले से ही अपने आसपास चल रहे सुरक्षाकर्मियों को यह निर्देश है कि वे उनसे मिलने के लिए आने वाले लोगों को बेवजह रोके नहीं। क्षेत्र विलास इलाके में एक नन्हा बच्चा वॉलीबॉल को लेकर राहुल गांधी के पास पहुंच गया है जिससे बॉल को राहुल गांधी ने अपने हाथ में लिया और बाद में कुछ देर तक उसे साथ लेकर चले। एक महिला लाल सुनहरी साड़ी पहने और सिर पर पगड़ी धारण किए राहुल गांधी से मिलने को पहुंची तो एक युवक राष्ट्रीय ध्वज के तीन रंगों से मिलता-जुलता साफा बांधकर राहुल गांधी के पास आया जिससे उन्होंने कुछ देर तक बातचीत भी की। ऐसी महिलाओं, युवक-युवतियों,लोगों की संख्या बड़ी थी जो राहुल गांधी के साथ एक फोटो खिंचवाने की आतुरता में उनके पास पहुंच रहे थे और लगातार फोटो खिंचवाते भी चल रहे थे। राहुल गांधी की यात्रा के दौरान अब तक के सफर में सड़क के दोनों और बड़ी संख्या में लोग सुबह से ही खड़े रहकर उनके आगमन की प्रतीक्षा करते नजर आए और जैसे ही राहुल गांधी उनके नजदीक पहुंचे तो कुछ जगह करतल ध्वनि के साथ उनकी अगवानी की तो कुछ स्थानों पर भारत जोड़ो यात्रा की जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए। एक-आध अवसरों पर राहुल गांधी को कुछ नौजवानों ने तीन रंग का दुपट्टा भी भेंट किया जिसे एक बार पहनने के बाद राहुल गांधी ने अपने साथ चल रहे सुरक्षाकर्मियों को सौंप दिया। इस सफर के दौरान शहर में कई स्थानीय कांग्रेस के नेता भी राहुल गांधी से जुड़े जिनसे भी उन्होंने न केवल हाथ मिलाया बल्कि कुछ देर बातचीत भी की। पूरे रास्ते में जहां-जहां भी लोग उनसे से मिले तो वह कहीं रुके नहीं बल्कि सभी से चलते-चलते ही बातचीत की। कई मौके तो ऐसे भी आए जब राहुल गांधी ने आगे होकर इशारा करके कुछ लोगों जिनमें युवक-युवतियां, महिलाएं, बुजुर्ग-बच्चे भी शामिल थे,अपनी और बुलाया तो साथ चल रहे लोग उन्हें राहुल से मिलवाने के लिए लाए जिनसे उन्होंने संक्षेप में बात भी की।

## खतौली में आरएलडी के मदन भैया जीते, बीजेपी प्रत्याशी राजकुमारी हारी...मायूम लौटी

एजेंसी

**रामपुर।** यूपी के खतौली उपचुनाव में त्स्क् के मदन भैया जीत गए हैं। वहीं बीजेपी प्रत्याशी राजकुमारी हार गई हैं। मदन भैया ने अपने नजीदीकी प्रत्याशी को 22165 वोटों हराया है। मुजफ्फरनगर के खतौली उपचुनाव में 22वें राउंड की गिनती के बाद आरएलडी प्रत्याशी मदन भैया 12436 वोटों से आगे रहे। आरएलडी प्रत्याशी मदन भैया को 22 राउंड तक कुल 77067 वोट मिले। बीजेपी की राजकुमारी सैनी को 22 राउंड तक कुल 64631 वोट मिले। अभी 6 राउंड की गिनती बाकी है। खतौली विधानसभा के लिए उपचुनाव बीजेपी के पूर्व विधायक विक्रम सिंह सैनी की मुजफ्फरनगर दंगों में सजायाफ्ता होने के बाद उनकी सदस्यता रद्द होने की वजह से हुआ। खतौली विधानसभा सीट बीजेपी का गढ़ रही है। इस उपचुनाव में भी विरासत को बचाने की कवायद है। खतौली विधानसभा उपचुनाव में जीत हासिल करने वाले मदन भैया गाजियाबाद लोनी इलाके के जावली गांव के रहने वाले हैं. मदन भैया का रियल नाम मदन सिंह कसाना है. मदन भैया खेकड़ा विधानसभा सीट से 4 बार विधायक रह चुके हैं। मुजफ्फरनगर में खतौली सीट पर आज उपचुनाव की मतगणना हुई। यहां कुल 3,12,446 मतदाता हैं. इनमें पुरुष मतदाता 1,67,070 और महिला मतदाता 1,45,348 हैं. ट्रांसजेंडर वोटर 19 हैं। बीजेपी से राजकुमारी सैनी प्रत्याशी के रूप में उठी थी. जबकि रालोद से मदन भैया उठे थे। बता दें कि मदन भैया को खतौली से टोटल 90,331 वोट मिले हैं। जबकि बीजेपी प्रत्याशी राजकुमारी सैनी को 72,501 वोट मिले हैं।

## सोनिया गांधी रणथंम्भोर में मनायेगी अपना जन्मदिन

**कोटा, एजेंसी।** कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी नौ दिसम्बर को राजस्थान में सवाईमाधोपुर जिले के रणथंभौर में अपना जन्मदिन मनायेगी और इसके लिए राहुल गांधी के भी आज सवाई माधोपुर पहुंचने का कार्यक्रम है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती सोनिया गांधी आज रणथंम्भोर नेशनल पार्क पहुंच गई। इस बीच दोपहर कोटा में राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा को बूंदी जिले में केशवरायपाटन के पास गुड़ली फाटक पर पहुंचकर समाप्त किया। श्री राहुल गांधी विमान से सवाई माधोपुर जाएंगे जहां वह सोनिया गांधी के जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस मौके पर गांधी परिवार के अन्य सदस्य भी यहां पहुंच रहे हैं। राहुल गांधी का 10 दिसम्बर से फिर अपनी भारत जोड़ो यात्रा को शुरू करने का कार्यक्रम है और यह संभावना बताई जा रही है कि श्रीमती गांधी भी उस दिन भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए हवाई मार्ग से कोटा पहुंचकर बाद में गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ सकती है।

## हिमाचल में कांग्रेस जीती लेकिन गुजरात की हार ने मुश्किल किया 2024 का सफर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली निरंतर खोते जनाधार को बचाने की जद्दोजहद कर रही कांग्रेस के लिए हिमाचल प्रदेश के चुनाव नतीजे संजीवनी लेकर आए हैं, लेकिन गुजरात में उसका सियासी वजूद खतरे में पड़ गया है। यही नहीं, गुजरात के इस चुनाव प्रदर्शन के बाद कांग्रेस का 2024 का सफर और मुश्किल भरा हो गया है। देश की सबसे पुरानी पार्टी इस समय अपना पूरा ध्यान 'भारत जोड़ो यात्रा' पर लगाए हुए है और उसे उम्मीद थी कि दोनों राज्यों के चुनावी परिणाम उसके लिए बेहतर होंगे। उसे बुधवार को भी उस वक्त बड़ा झटका लगा जब दिल्ली नगर निगम के चुनाव में उसका अब तक का सबसे निराशाजनक प्रदर्शन रहा। उसे 250 सदस्यीय नगर निगम में सिर्फ नौ सीटें मिली। आम आदमी पार्टी को 134 और भारतीय जनता पार्टी को 104 सीटें हासिल हुई। कांग्रेस के लिहाज से यह अच्छी स्थिति कही जाएगी कि हिमाचल प्रदेश की 68 सदस्यीय विधानसभा में उसे बहुमत मिला है। उसके लिए यह एक संजीवनी होगी क्योंकि लंबे समय बाद उसे अपनी बदौलत किसी राज्य की सत्ता मिलेगी। फिलहाल उसकी राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सरकारें हैं। कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता संजय झा का कहना है कि हिमाचल प्रदेश की जीत कांग्रेस के लिए हौसला बढाने वाली होगी। उन्होंने कहा, ''हिमाचल में जीत से कांग्रेस को 2023 और 2024 के लिए उम्मीद मिलेगी। लेकिन बहुत कुछ इस बात निर्भर करता है कि 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद पार्टी में किस तरह से ऊर्जा का संचार होता है।'' कांग्रेस के लिए हिमाचल प्रदेश भले ही खुशी लेकर आया, लेकिन गुजरात उसे बड़ा गम दे गया। वह गुजरात में अब तक की सबसे न्यूनतम संख्या तक सिमट गई। यह उसके लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं है। ऐसी स्थिति में पार्टी गंभीर संकट में घिर गई है जहां से बाहर निकलना उसके लिए बहुत ही मुश्किल होगा। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी और उसे 182 सदस्यीय विधानसभा में 77 सीटें मिली थीं। इस बार की हार उसके लिए इस संदर्भ में बुरी है कि उसका वोट प्रतिशत 30 प्रतिशत से नीचे आ गया और आम आदमी पार्टी ने तीसरे दल के रूप में दस्तक देकर उसके लिए एक और चुनौती पैदा कर दी है।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 160 अंक मजबूत

एजेंसी

**मुंबई।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 160 अंक लाभ में रहा। वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच चुनिंदा बैंकों और वाहन शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 160 अंक की बढ़त के साथ 62,570.68 अंक पर बंद हुआ। शुरूआत गिरावट के साथ हुई लेकिन बाद में इसमें तेजी आई और एक समय यह 62,633.56 अंक तक चला गया था। सेंसेक्स के शेयरों में 13 लाभ में जबकि 17 नुकसान में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 48.85 अंक की तेजी के साथ 18,609.35 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 शेयरों में से 27 नुकसान में रहे। सेंसेक्स शेयरों में एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एल एंड टी, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा तथा मारुति प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, सन फार्मा सबसे अधिक 3.57 प्रतिशत नीचे आया। कंपनी के गुजरात स्थित हलोल कारखाने को अमेरिकी दवा एवं खाद्य प्रशासन (यूएसएफडीए) की तरफ से आयात सतर्कता सूची में डालने और अमेरिकी बाजार में इस संयंत्र से निर्यात पर पाबंदी से कंपनी का शेयर नीचे आया। इसके अलावा, नुकसान में रहने वाले अन्य शेयरों में पावरग्रिड, टीसीएस, नेस्ले इंडिया, विप्रो, कोटक बैंक और बाजाज फाइनेंस शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद घरेलू बाजार बाजार में काफी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। इसका कारण आर्थिक नरमी और फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में वृद्धि की आशंका से वैश्विक बाजारों में गिरावट है। मंदी की आशंका से आईटी और दवा कंपनियों के शेयरों पर असर पड़ा। वहीं सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने बाजार को समर्थन देना जारी रखा।'' उन्होंने कहा, ''वैश्विक बाजार में यह उतार-चढ़ाव बना रह सकता है क्योंकि बाजार को अगले सप्ताह जारी होने वाली अमेरिका में फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति और मुद्रास्फीति के आंकड़े का इंतजार है।'अमेरिका में बृहस्पतिवार को बेरोजगारी आंकड़ा जारी होने से पहले वैश्विक बाजारों मिला-जुला रुख रहा। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक, जापान का निक्की और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहा जबकि हांगकांग का हैंगसेंग मजबूत रहा। यूरोप के बाजारों में भी शुरूआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। इस बीच, ब्रेंट क्रूड तेल 28 सेंट लाभ के साथ 77.45 पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक बिकवाल बने हुए हैं। उन्होंने बुधवार को 1,241.87 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

## स्वामी कोष में सरकार ने 5,000 करोड़ रुपये की रकम डाली

एजेंसी

**मुंबई।** सरकार ने अटकी हुई आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए वित्तीय मदद मुहैया कराने के मकसद से गठित स्वामी निवेश कोष-1 में 5,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि डाली है। इस निवेश कोष का प्रबंधन करने वाली कंपनी एसबीआई कैपिटल वेंचर्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार की तरफ से डाली गई इस अतिरिक्त राशि के साथ ही कोष का आकार 15,530 करोड़ रुपये हो गया है। इसके साथ ही यह निवेश कोष अपने घोषित आकार पर पहुंच गया है। दिसंबर 2019 में वित्त-मंत्रालय समर्थित इस कोष की शुरुआत 10,037.5 करोड़ रुपये के साथ हुई थी। उस समय भी सरकार ने इसमें 5,000 करोड़ रुपये लगाए थे जबकि बाकी निवेश एसबीआई, एलआईसी, एचडीएफसी लिमिटेड और कुछ सार्वजनिक बैंकों ने किया था। बिल्डरों एवं डेवलपरों की अनियमितता के कारण देश भर में लाखों घर खरीदारों के अपने फ्लैट के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा था। इन अधूरी आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए वित्त मुहैया कराने के मकसद से स्वामी कोष का गठन किया गया था। अभी तक इस कोष से 127 परियोजनाओं के लिए राशि आवंटित की गई है। इन परियोजनाओं के पूरा होने पर 79,000 से अधिक फ्लैट खरीदारों को अपने घर मिल पाएंगे।

## कांग्रेस हिमाचल प्रदेश के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक चंडीगढ़ में करेगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में निर्वाचित होने वाले विधायकों की बैठक चंडीगढ़ में बुलाई है जिसमें विधायक दल का नेता चुनने के लिए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अधिकृत करने का प्रस्ताव पारित हो सकता है। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के स्पष्ट बहुमत हासिल करने की दिशा में बढ़ने के बाद पार्टी के राज्य प्रभारी राजीव शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस '10 गारंटी' को पूरा करने के लिए सबकुछ करेगी तथा लोगों को बेहतर शासन मुहैया कराएगी। उन्होंने 'कहा, ''नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायक नतीजे आने के बाद चंडीगढ़ में बैठक करेंगे और विधायक दल के नेता के चयन को लेकर फैसला करेंगे।'' सूत्रों का कहना है कि विधायकों की बैठक में विधायक दल के नेता का फैसला करने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष को अधिकृत करने का प्रस्ताव पारित किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''पार्टी मुझे और दो पर्यवेक्षकों-छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को भेज रही है। हम आज चंडीगढ़ पहुंच रहे हैं जहां सभी विधायकों को बुलाया गया है।'' शुक्ला ने कहा, ''रुझानों से हम खुश हैं। हम 40 सीटें हासिल करने की दिशा में बढ़ रहे हैं। हमें विश्वास है कि हिमाचल प्रदेश की सत्ता में आने का अवसर मिल रहा है।'' इससे पहले, उन्होंने कहा था कि वह हुड्डा और बघेल के साथ हिमाचल प्रदेश पहुंच रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने कड़ी मेहनत की और व्यापक स्तर पर प्रचार किया। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध शाम करीब चार बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक, हिमाचल में कांग्रेस 27 सीटें जीत चुकी है और 12 सीटों पर आगे है। भाजपा राज्य में 16 सीटें जीत चुकी है और 10 सीटों पर आगे है। तीन सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है।

## बिहार उपचुनाव: भाजपा ने सत्तारूढ़ महागठबंधन से कुढ़नी सीट छीनी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन से कुढ़नी सीट छीन ली। इस सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार केदार प्रसाद गुप्ता ने नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड के उम्मीदवार मनोज सिंह कुशवाहा को 3,645 मतो से पराजित कर दिया। कुढ़नी सीट पर हुए कांटे के मुकाबले में गुप्ता को 76,653 मत प्राप्त हुए जबकि कुशवाहा को 73,008 वोट मिले। इस सीट पर जनता दल यूनाइटेड के उम्मीदवार मनोज सिंह कुशवाहा राज्य में सत्तारूढ़ महागठबंधन से चुनाव में उतरे थे जिसमें राष्ट्रीय जनता दल एक घटक है। इस सीट पर चुनाव कराने की जरूरत इसलिये हुई क्योंकि राजद के वर्तमान विधायक अनिल कुमार सहनी को अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

## लाखों की स्मैक के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार, जेल की हवा खा चुका है आरोपी

**हल्द्वानी, एजेंसी।** बनभूलपुरा में स्मैक की तस्करी में लिप्त पिता-पुत्र पुलिस के हत्थे चढ़ गए। एसओजी और बनभूलपुरा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी पिता-पुत्र से लाखों की स्मैक बरामद हुई। दोनों बड़े तस्कर बताए जा रहे हैं और पिता पहले भी तस्करी के बेचते थे। मामले में जेल भी जा चुका है। दोनों कार से स्मैक की तस्करी कर रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी पंकज भट्ट ने बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में व एसओजी ने सोमवार रात चेकिंग के दौरान एक अल्टो कार यूके टीबी 2098 को इंद्रानगर चेक पोस्ट के पास रोका।जिसमें लाइन नंबर 18 वार्ड 20 बनभूलपुरा निवासी शाकिर हुसैन उर्फ बबलू पुत्र नजाकत हुसैन व साहिब पुत्र शाकिर हुसैन सवार थे। दोनों पिता-पुत्र हैं और जब तलाशी ली गई तो शाकिर के पास से 62.80 ग्राम और साहिब के पास से 40.34 ग्राम स्मैक बरामद की गई। जिसकी कीमत 10 लाख से अधिक आंकी जा रही है। आरोपी बरेली से स्मैक लेकर आते थे और छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बेचते थे।आरोपी शाकिर उर्फ बबलू नशे के केस में कई बार जेल भी जा चुका है। जबकि बेटा साहिब पहली बार गिरफ्त में आया।

## बाली आतंकवादी हमलों के लिए बम बनाने के दोषी की रिहाई के बाद उस पर नजर रखे इंडोनेशिया: ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी



© AFP/Getty Images

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह इंडोनेशिया से यह सुनिश्चित करने का आग्रह करेगी कि 2002 के बाली आतंकवादी हमलों में इस्तेमाल किए गए बम बनाने के दोषी व्यक्ति की जेल से रिहाई के बाद वह उस पर नजर रखे। इस्लामिक आतंकवादी हिसाम बिन अलिजिन उर्फ उमर पाटेक को ऑस्ट्रेलिया की कड़ी आपत्तियों के बावजूद बुधवार को पैरोल दे दी गई। इस मामले में उसे 20 साल की सजा हुई है, जो अभी तक करीब आधी ही काटी गयी है। बाली में हुए उस आतंकवादी हमले में 88 ऑस्ट्रेलियाई नागरिक सहित 202 लोग मारे गए थे। ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस ने कहा कि हमले में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के लिए यह एक बेहद निराशाजनक दिन है। उन्होंने 'ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प' से कहा कि उनकी सरकार पाटेक की जल्द रिहाई के खिलाफ आवाज उठाएगी और इंडोनेशियाई सरकार से यह सुनिश्चित करने का आग्रह करेगी कि पैरोल के दौरान उस पर लगातार नजर रखी जाए। इंडोनेशिया के अधिकारियों ने कहा कि पाटेक (55) का जेल में व्यवहार काफी अच्छा रहा है और वे उसका उदाहरण देकर अन्य आतंकवादियों को आतंकवादी कृत्यों से दूर होने के लिए प्रेरित करेंगे। ऑस्ट्रेलिया की गृह मंत्री क्लेयर ओनील ने कहा कि यह पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए एक निराशाजनक दिन है। क्लेयर ने कैनबरा में 'नेशनल प्रेस क्लब' में कहा, '' यह व्यक्ति इंडोनेशियाई न्याय प्रणाली के तहत आता है। मेरा व्यक्तिगत तौर पर मानना है कि उसका कृत्य पूरी तरह से निंदनीय व माफी देने लायक नहीं है। उन्होंने कहा, '' इंडोनेशिया की न्याय प्रणाली पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं है और दुनिया ऐसे ही चलती है। पाटेक आतंकवादी संगठन जेमाह इस्लामिया का सदस्य था, जिसे कुटा बीच पर दो नाइट क्लब में विस्फोट के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था। पश्चिम जकार्ता की जिला अदालत ने उसे एक कार बम बनाने में मदद करने का दोषी पाया था, जिसका इस्तेमाल एक व्यक्ति ने 12 अक्टूबर 2002 की रात कुटा में सारी क्लब के बाहर विस्फोट करने के लिए किया था। इस विस्फोट के कुछ देर पहले ही पास ही के एक नाइट क्लब में एक आत्मघाती हमलावर ने बैग में रखे एक छोटे बम में विस्फोट किया था।

# देश-विदेश डायरी

## ईरान ने विरोध प्रदर्शनों में गिरफ्तार पहले कैदी को फांसी दी

**दुबई, एजेंसी।** ईरान ने कहा कि बृहस्पतिवार को उसने देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के दौरान कथित रूप से किए गए अपराध के लिए दोषी एक कैदी को फांसी दे दी। यह ईरान द्वारा दिए गए इस तरह के मृत्युदंड का पहला मामला है। यह फांसी ऐसे समय दी गई है जब अन्य बंदियों को भी विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने के लिए संभावित रूप से मृत्युदंड का सामना करना पड़ सकता है। ईरान की नैतिकता पुलिस के खिलाफ एक आक्रोश के रूप में शुरू हुआ यह प्रदर्शन 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से देश के 'धर्मतंत्र' के लिए सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक बन गया। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि जल्द ही अन्य लोगों को भी मौत की सजा दी जा सकती है क्योंकि उनके मुताबिक अब तक कम से कम एक दर्जन लोगों को प्रदर्शनों में शामिल होने के लिए मौत की सजा मिली है। ईरान की मिजान समाचार एजेंसी ने फांसी दिए जाने की खबर दी। उसने सजा पाए व्यक्ति पर तेहरान में एक सड़क को अवरुद्ध करने और सुरक्षा बल के एक सदस्य पर हमला करने का आरोप लगाया। देश की न्यायपालिका द्वारा संचालित मिजान समाचार एजेंसी ने मारे गए व्यक्ति की पहचान मोहसिन शेखरी के रूप में की है।

## ईसीओएसओसी ने नौ गैर-सरकारी संगठनों को दी मान्यता

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) ने चीन, रूस तथा भारत सहित कई देशों की आपत्तियों के बावजूद नौ गैर-सरकारी संगठनों को विशेष सलाहकार का दर्जा देने के पक्ष में मतदान किया है। संयुक्त राष्ट्र की छह प्रमुख निकायों में से एक ईसीओएसओसी आर्थिक और सामाजिक मुद्दों से संबंधित निकाय है। ईसीओएसओसी ने नौ समूहों को विशेष सलाहकार का दर्जा देते हुए बुधवार को आर्थिक एवं सामाजिक परिषद के साथ 'एपलिकेशन्स ऑफ नॉन-गर्वमेंट ऑर्गनाइजेशन फॉर कंसल्टेटिव स्टेटस' पर अमेरिका के मसौदे पर मतदान किया। इन गैर-सरकारी संगठनों में इंटरनेशनल दलित सॉलिडेरिटी नेटवर्क (आईडीएसएन), अरब यूरोपियन सेंटर ऑफ ह्यूमन राइट्स एंड इंटरनेशनल लॉ, बहरीन सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स, कॉप्टिक सॉलिडेरिटी गल्फसेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स, अंतर्क्षेत्रीय गैर-सरकारी मानवाधिकार संगठन मैन एंड लॉ, द एंड्री रिलकोव फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड सोशल जस्टिस, द वर्ल्ड यूनियन ऑफकोसैक एटामैन्स और वर्ल्ड विदाउट जेनोसाइड शामिल हैं। मतदान में मसौदे के पक्ष में 24 मत पड़े, जबकि इसके खिलाफ 17 वोट आए। वहीं 12 सदस्य मतदान के समय मौजूद नहीं थे।'ह्यूमन राइट्स वॉच' (एचआरडब्ल्यू) में संयुक्त राष्ट्र के निदेशक लुई चार्बोनियू ने मंगलवार को एक बयान में कहा था कि आर्थिक एवं सामाजिक परिषद में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों को ''नौ मानवाधिकारों और अन्य नागरिक संगठनों को मान्यता देने के लिए मतदान करना चाहिए, जिनके संयुक्त राष्ट्र के आवेदन चीन, रूस और भारत सहित कई देशों द्वारा मान्यता प्रक्रिया में बाधा डालने के कारण अटके हुए हैं।'' चार्बोनियू ने कहा, '' आईडीएसएन को मान्यता देने में सबसे बड़ी बाधा भारत ने पेश की है, आईडीएसएन दुनिया भर में जातिगत भेदभाव व अन्य प्रकार के भेदभाव को खत्म किए जाने की वकालत करता है। चार्बोनियू ने कहा कि इन नौ समूहों को मान्यता देने से संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों को संयुक्त राष्ट्र में नागरिक संगठनों के महत्व के बारे में एक ''कड़ा संकेत'' जाएगा।

## धोखाधड़ी मामले में थेरानोस के भारतीय मूल के पूर्व सीओओ बलवानी को 13 साल का कारावास

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका में खून की जांच से जुड़े एक असफल स्टार्टअप 'थेरानोस' के भारतीय मूल के पूर्व मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) रमेश 'सनी' बलवानी को धोखाधड़ी के मामले में 13 साल के कारावास की सजा सुनाई गई है। अभियोजकों का आरोप था कि 'सिलिकॉन वैली का टाइटन' बनने की कोशिश में बलवानी ने थेरानोस रक्त परीक्षण तकनीक की सटीकता को गलत तरीके से प्रस्तुत कर मरीजों के स्वास्थ्य को जोखिम में डाला और कंपनी के निवेशकों के साथ करोड़ों डॉलर की धोखाधड़ी की। अमेरिकी अटॉर्नी स्टेफनी हिंड्स ने बताया कि कैलिफोर्निया में जिला न्यायाधीश एडवर्ड डेविला ने फ्रेमॉन्ट निवासी बलवानी को बुधवार को 12 साल और 11 महीने के कारावास की सजा सुनाई। उन्होंने जेल से रिहाई के बाद बलवानी को तीन साल तक निगरानी में रखने का आदेश भी दिया। मामले में बलवानी पर लगाए जाने वाले जुर्माने की राशि को तय करने के लिए अगले कुछ दिनों में सुनवाई की जा सकती है। हिंड्स के मुताबिक, न्यायमूर्ति डेविला ने सजा भुगतने के लिए बलवानी को 15 मार्च 2023 को आत्म समर्पण करने का निर्देश दिया है। बलवानी की पूर्व प्रेमिका एलिजाबेथ होम्स ने वर्ष 2003 में खून की जांच करने वाली कंपनी थेरानोस की स्थापना की थी। बलवानी ने सितंबर 2009 से जुलाई 2016 के बीच इस कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी के रूप में सेवाएं दी थीं। जिला न्यायाधीश डेविला ने पिछले महीने होम्स को 11 साल और तीन महीने के कारावास की सजा सुनाई थी। होम्स को सजा भुगतने के लिए 27 अप्रैल 2023 को आत्म समर्पण करने का आदेश दिया गया है।

## ड्रोन, मिसाइल आपूर्ति के लिए ईरान की मदद ले सकता है रूस: अमेरिका

**वाशिंगटन, एजेंसी।** यूक्रेन में युद्ध के लिए हथियारों की आपूर्ति बनाए रखने में संघर्ष कर रहा मॉस्को अब रूसी सेना को ड्रोन विमानों और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों की आपूर्ति के लिए एक बार फिर ईरान का रुख कर सकता है। घटनाक्रम से वाकिफदो अमेरिकी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के अधिकारियों ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि अमेरिका इस बात को लेकर चिंतित है कि रूस आने वाले दिनों में ईरान से उन्नत पारंपरिक हथियार हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका विशेष रूप से चिंतित है कि रूसी सेना ईरान से सतह पर सतह पर मार करने वाली मिसाइलें खरीद कर सकता है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र के एक राजनयिक ने कहा कि ईरान ने सुरक्षा परिषद के वर्ष 2015 के प्रस्ताव का उल्लंघन करते हुए रूस को सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन विमान बेचने की योजना बनाई है। इस प्रस्ताव ने तेहरान और छह प्रमुख विश्व शक्तियों के बीच ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर हुए समझौते का समर्थन किया था। राजनयिक के मुताबिक, 2015 के समझौते के हस्ताक्षरकर्ताओं में रूस भी शामिल है। उन्होंने कहा कि रूस द्वारा समझौते के उल्लंघन से कहीं ज्यादा अहम यह सवाल है कि ईरान से ड्रोन और मिसाइल के बदले मॉस्को उसे क्या देगा।

## आईनॉक्स जीएफएल समूह ने करीब 1,500 करोड़ रुपये जुटाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईनॉक्स जीएफएल समूह ने पिछले एक पखवाड़े में अपनी इकाइयों के जरिए करीब 1,500 करोड़ रुपये जुटाये हैं। कंपनी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि आईनॉक्स जीएफएल ग्रुप ने हाल ही में अपनी सभी परिचालन इकाइयों के कर्ज में कमी लाने के लिये कदम उठाना शुरू किया है। इसी के तहत समूह ने पिछले पखवाड़े में अपनी इकाइयों के जरिये लगभग 1,500 करोड़ रुपये जुटाये हैं। बयान के अनुसार इस पूंजी का उपयोग इसकी इकाइयों के कर्ज को कम करने के लिए किया गया है। इससे ब्याज खर्च में उल्लेखनीय कमी आएगी।

## अदालत ने अशनीर ग्रोवर, उनकी पत्नी और संबंधियों को समन जारी किए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतपे के पूर्व प्रबंध निदेशक अशनीर ग्रोवर और उनकी पत्नी को बृहस्पतिवार को समन जारी किए। ये समन भारतपे की उस याचिका पर जारी किए गए हैं जिनमें ग्रोवर और उनकी पत्नी को कंपनी के खिलाफ मानहानि वाले बयान देने से रोकने का आग्रह किया गया है। भारतपे ने ग्रोवर और उनकी पत्नी पर कोष में हेराफेरी करने के आरोप लगाए हैं। उच्च न्यायालय ने ग्रोवर, उनकी पत्नी माधुरी जैन और तीन अन्य संबंधियों को याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए दो हफ्ते का वक्त दिया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक विद्यावती दूबे द्वारा बी डी प्रिन्टींग प्रेस गणेशपुर, रहमानपुर निकट रघुनन्दन आशियाना फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ से मुद्रित तथा- C 3/76, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित । मो0 9450615356, फोन नं. 0522- 4102634

# शादी को अच्छे से करना है इंज्वाय तो दुल्हन ऐसे चुने अपना फुटवियर

**शादी का दिन हर लड़की** के लिए खास होता है इसलिए वह अपनी वेडिंग डे के लिए हर चीज का चुनाव बहुत सोच-समझकर करती है। ब्राइडल आउटफिट की तरह होने वाली दुल्हनें ब्राइडल फुटवियर की सिलैक्शन को लेकर भी वह कंफ्यूज रहती है लेकिन फुटवियर सिर्फ स्टाइलिश ही नहीं बल्कि कंफर्टेबल भी होने बहुत जरूरी होते हैं तभी आप अपनी वेडिंग डे को पूरी तरह से एंजॉय कर सकती है। ब्राइडल फुटवियर्स की सिलेक्शन करते समय आप कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें।

**वैडिंग लहंगे के साथ मैच खाते फुटवियर**

पहले तो अपने लहंगे के साथ मैचिंग फुटवियर ही चुनें। वैसे तो गोल्डन-सिल्वर एम्ब्रायडरी वाले खूबसूरत फुटवियर हर कलर के लंहगे के साथ मैच खा जाते हैं लेकिन आजकल लहंगे के जैसे बिलकुल वैसे ही कलर के फुटवियर भी आपको आसानी से मिल जाएगी। नहीं तो ब्लू के साथ येलो-ग्रीन के साथ गोल्डन या रैड का कंट्रास्ट भी किया जा सकता है । आजकल तो ब्राइड्स अपने वेडिंग हैंडबैग्स के साथ भी अपने फुटवियर्स मैच करती है जैसा वेडिंग बैग वैसे ही बिलकुल मैच खाते फुटवियर्स लेकिन कलर्स के अलावा भी आपको कुछ और बातों का ध्यान रखना है जैसेः अगर आप हील्स में कंफर्टेबल नहीं रहती तो इसका चुनाव करना आपकी लुक और चाल दोनों को बिगाड़ सकता है। इसकी जगह आप फ्लैट हील्स या पंजाबी ब्राइडल जूती का चुनाव करके खुद को आरामदायक रख सकते हैं।

**हाई हील्स**

दुल्हन की पहली पसंद हील्स ही होती है और अक्सर लड़कियां अपने हैवी लहंगे के साथ हील्स पहनना पसंद करती हैं। हील्स में भी आपको कई ऑप्शन मिल जाएगी जैसे कि प्लेटफॉर्म हील्स व ब्लॉक हील्स। अगर आपकी हाइट कम है तो ब्राइडल आउटफिट के साथ हील्स ही पहनें लेकिन पेंसिल हील्स चुनने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखें कि आप इसमें





कंफर्टेबल रहे नहीं तो आपकी चाल खराब होगी। प्लेटफॉर्म व ब्लॉक हील्स तो पहनने में भी बहुत कंफर्टेबल होती हैं। अगर आपकी हाइट लंबी है तो आप छोटी हील्स ही पहनें तो अच्छा है।

**फ्लैट्स**

फ्लैट्स भी आपकी ब्राइडल लुक को परफेक्ट बना सकती हैं। अगर आप हील्स पहनना नहीं पसंद करती तो इन्हें ट्राई करें। ये बहुत ही लाइटवेट होती है जिससे आप इसे आसानी से कैरी कर सकती है। फ्लैट में कोल्हापुरी चप्पल, पंजाबी जूती जैसी कई वैरायटी आपको मार्केट में मिल जाएगी। अपने वेडिंग आउटफिट के साथ ब्राइडल पंजाबी जूती भी पहन सकते हैं। सिंपल की बजाय हैवी एम्ब्रॉयडरी वर्क वाली पंजाबी जूती पहनेगी तो आपकी लुक को भी पूरा ट्रेडीशनल टच मिलेगा।

ब्राइडल्स स्नीकर्स

इन दिनों ब्राइडल्स स्नीकर्स का भी काफी ट्रेंड चल रहा है। लड़कियां लहंगे व वेडिंग आउटफिट के साथ शूज पहन रही हैं। इसमें आपकी लुक यूनिक तो लगती ही है साथ में आप बोल्ड व सुपर स्टाइलिश भी दिखती हैं। कंफर्ट के मामले में तो स्नीकर्स का कोई मुकाबला ही नहीं। लहंगे से मैच करते स्नीकर्स आपकी पर्सनैलिटी में चार चांद लगाएगा। आपको खूबसूरत ब्राइडल एम्ब्रायडरी किए स्नीकर्स हर रंग और डिजाइन में मिल जाएंगे।

**थीम फुटवियर**

समय के साथ आजकल शादियों का ट्रेंड भी बदल गया है। थीम वेडिंग काफी देखने को मिल रही है। अगर आप भी थीम वेडिंग कर रही है तो वेडिंग थीम और कलर के हिसाब से अपना फुटवियर चूज करें। ब्राइडल आउटफिट के अनुसार अपने फुटवियर में रंगों के आधार पर डार्क रेड, गोल्डन, मैजेंटा और नीले जैसे बोल्ड रंगों को भी चुन सकती हैं जिससे आपके पैर एक दम अलग और आकर्षक लगेंगे।

**इन बातों का रखें ध्यान**

- साथ ही अपने लहंगे की लंबाई के हिसाब से ही फुटवियर खरीदें ताकि आपको चलने-फिरने में मुश्किल ना हो।
- शादी से पहले अपने फुटवियर को पहनकर जरूर देखें ताकि बाद में परेशानी ना हो।

# बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी की मां का दिल्ली में हुए निधन, काफी समय से चल रही थी बीमार




**बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता** मनोज बाजपेयी की मां गीता बाजपेयी का निधन हो गया है। पिछले दिनों मनोज की मां गीता बाजपेयी की तबियत अचानक बिगड़ गई थी। जिसके बाद उन्हें दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा था। लेकिन गुरुवार सुबह 80 साल की उम्र में गीता बाजपेयी ने दुनिया को अलविदा कह दिया। जानकारी के मुताबिक, पिछले दिनों एक्टर की मां गीता बाजपेयी की तबीयत में कुछ सुधार हुआ था। हालांकि वह लगातार डॉक्टरों की निगरानी में ही थी लेकिन इसके बावजूद डॉक्टर उन्हें बचा नहीं पाए। हॉस्पिटल में एडिम कराए जाने के बाज मनोज भी अपने बिजी शेड्यूल से टाइम निकालकर अपनी मां से मिलने दिल्ली के हॉस्पिटल पहुंचे थे। पद्मश्री मनोज बाजपेयी अपनी मां गीता के बेहद करीब थे और उनके निधन से वो पूरी तरह टूट गए हैं। अक्सर मनोज को अपनी मां की बातों का जिक्र करते थे। एक्टर के साथ उनका पूरा परिवार इस वक्त काफी सदमें में है। मनोज बाजपेयी के घर में इस वक्त दुख का माहौल है और एक्टर इस वक्त खुद को अपने परिवार को संभालने में लगे हुए हैं। वहीं इस बात की जानकारी फिल्म मेकर अशोक पंडित ने अपने ट्वीट के जरिए सभी के साथ शेयर की हैं। अशोक पंडित ने अपने ट्विटर अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि, आपको और आपके पूरे परिवार को हमारी हार्दिक संवेदनाएं मनोज बाजपेयी आपकी आदारनिया माँ के दुखद निधन पर। ओम शांति! आपको बता दें कि पिछले साल ही मनोज के पिता राधाकांत बाजपेयी का निधन हुआ था। एक्टर अपने माता-पिता के काफी करीब थे और उनसे अपने दिल की बातें शेयर करते थे। वहीं अपने माता-पिता की सीख मनोज इतने बड़े एक्टर बनने के बाद भी नहीं भूले हैं। एक बार इंटरव्यू में मनोज ने बताया कि उनकी मां ने उनसे कहा था कि, जिसे सफलता नहीं मिलती है, उसे कभी बेवकूफ नहीं समझना चाहिए।

# डायबिटीज और तनाव से राहत पाने का आसान तरीका है सूर्य मुद्रा, अन्य फायदे जानकार रह जाएंगे दंग

**स्वस्थ शरीर के लिए योगा** बहुत ही लाभदायक होता है। यह शरीर को कई तरह की बीमारियों से दूर रखने में मदद करता है परंतु आजकल के खराब लाइफस्टाइल के कारण लोगों में आलस हो गया है जिसके कारण बहुत से लोगों ने योगा से दूरी बना ली है। योगा में ऐसी कई मुद्राएं हैं जिन्हें रुटीन में करने से आपको कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। ऐसी ही एक मुद्रा है सूर्य मुद्रा। सूर्य मुद्रा को रुटीन में करने से कई सारी बीमारियां दूर रहती हैं तो चलिए जानते हैं इनके बारे में...

**सूर्य मुद्रा करने का तरीका**

सबसे पहले आप जमीन पर बैठ जाएं। जमीन पर बैठकर सूर्य मुद्रा को करना फायदेमंद माना जाता है। इसके बाद अनामिक अंगुली को अपने अंगूठे पर रखकर बाकी सारी अंगुलियां खोल लें। इस दौरान आप सुखासन में बैठें। अपने दोनों हाथों को घुटनों के ऊपर रख लें। इस मुद्रा में बैठने से आपको वात और पित्त की समस्या से भी आराम मिलेगा। यह आपके शरीर के सारे तत्वों को भी बैलेंस करके



आपको स्वस्थ रखने में भी सहायता करती है।

**सूर्य मुद्रा के फायदे**

**कंट्रोल रहेगी डायबिटीज**

सूर्य मुद्रा को करने से आपकी पैनक्रियाज एक्टिव होती है। इसके अलावा सूर्य मुद्रा को नियमित करने से मेटाबॉल्जिम का स्तर भी नियंत्रित रहता है जिससे आपके मोटापे का स्तर कम होता है। इससे आपके शरीर में बड़ा हुआ शुगर का स्तर भी कंट्रोल रहता है। परंतु यदि आपको डायबिटीज की समस्या ज्यादा है तो आप डॉक्टर की सलाह लेकर ही सूर्य मुद्रा करें।

**सही रहेगा शरीर का तापमान**

सूर्य नमस्कार के साथ सूर्य मुद्रा करने से आपके शरीर के तापमान का स्तर भी अच्छा रहता है। इसके अलावा सर्दियों में सूर्य मुद्रा से सर्दी में कंपकंपाने की समस्या से भी आपको राहत मिलेगी। इसके अलावा यदि आपको पसीना कम आता है तो भी आप सूर्य मुद्रा को अपनी रुटीन में शामिल कर सकते हैं।

**तनाव होता है दूर**

सुर्य मुद्रा से मस्तिष्क की ऊर्जा भी बढ़ती है और शरीर में तापमान का स्तर भी सही रहता है। इससे एंटीऑक्सीडेंट्स बनने की प्रक्रिया तेज होती है। इसके अलावा सूर्य मुद्रा से तनाव भी कम होता है और आपकी क्षमता मजबूत होती है।

**सूर्य मुद्रा के फायदे**

. रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है मजबूत।

. कब्ज की समस्या भी करे दूर ।

. सर्दियों में जोड़ों के दर्द, गले में दर्द और रुखी त्वचा की समस्या से भी मिलती है राहत

.फ्लू होने पर आप सूर्य मुद्रा के साथ समस्या से राहत पा सकते हैं।

# दिव्या अग्रवाल ने अचानक सगाई करने पर दी सफाई

## एक्स बॉयफ्रेंड वरूण से पहले अपूर्वा को कर चुकी है डेट

**दिव्या अग्रवाल इन** दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर लाइमलाइट में बनी हुई है। बीते दिनों बिजनेसमैन अपूर्वा पडगांवकर के साथ सगाई करके दिव्या ने सबको चौंका दिया। वरूण सूद से ब्रेकअप के बाद दिव्या अपनी जिंदगी में आगे तो बढ़ गई लेकिन किसी को दूर दूर तक इस बात का अंदाजा नहीं था कि दिव्या अपूर्वा के साथ है और उनके साथ सगाई की प्लानिंग कर रही है। दिव्या की सगाई पर वरूण के रिएक्शन के बाद अब दिव्या ने भी इस पर अपनी सफाई पेश कर दी है। दिव्या ने खुद इंस्टाग्राम पर अपनी और अपूर्वा की कई रोमांटिक तस्वीरें शेयर की। तस्वीरों में दोनों काफी खुश लग रहे थे। दिव्या की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुई। दिव्या ने इन तमाम तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा,' जिंदगी और चमकदार हो गई है, मैंने अपने जिंदगी के इस सफर को शेयर करने



के लिए एक सही पार्टनर को चुन लिया है और आज के इस खास दिन से मैं कभी भी अकेली नहीं चलूंगी। अपूर्वा संग सगाई करने के बाद दिव्या को ट्रोल भी किया गया और लोग अपूर्वा की तुलना वरुण से करने लगे जिसपर दिव्या का रिएक्शन भी सामने आ गया है। एक मीडिया इंटरव्यू में दिव्या ने बताया कि वो अपूर्वा को लंबे समय से जानती हैं। दिव्या ने ये भी बताया कि वरूण के पहले वो करीब 3 सालों तक अपूर्व पडगांवकर को डेट कर चुकी है। दिव्या ने कहा, 'जिंदगी गोल होती है। मैं अपूर्वा को बहुत पहले से जानती हूं और हम 2015 से 2018 के बीच पहले भी डेट कर चुके हैं, लेकिन तब हम अलग हो गए। हालांकि, लगातार हम एक-दूसरे के संपर्क में थे। अपूर्वा हमेशा वो दोस्त बनकर मेरे साथ रहे, जिसके पास मैं कभी भी अपनी परेशानी बताने के लिए जा सकती थी।' इसके साथ ही दिव्या ने कहा कि मार्च में वरुण से ब्रेकअप के बाद वो बहुत मुश्किल दौर से गुजर रही थी और उस दौरान अपूर्वा एक बेस्ट फ्रेंड और एक चट्टान की तरह उनके साथ खड़े रहे। सगाई के बाद अपूर्वा के साथ शादी पर दिव्या ने कहा कि वो अगले साल शादी करने का प्लानिंग कर रही है। हालांकि उन्होंने बताया कि अभी तक कोई तारीख तय नहीं है, लेकिन शादी अगले साल हो सकती है।

# मुझे इस रोल में ले लो नीना गुप्ता ने मांगा काम तो दोस्त ने ही कर दिया फिल्म में लेने से इंकार


**नीना गुप्ता बॉलीवुड** की सबसे वर्सेटाइल सीनियर एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उन्होंने अबतक कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। चाहे छोटा पर्दा हो या सिल्वर स्क्रीन जब भी नीना गुप्ता एक्टिंग के मैदान में उतरती हैं तो साइड रोल में भी सारी लाइमलाइट लूट ले जाती हैं। यही खासियत है नीना गुप्ता की जिसकी बदौलत इतने सालों से वो लगातार इस इंडस्ट्री में टिकी रही हैं। वहीं, एक्ट्रेस अपनी बेबाकी के लिए भी जानी जाती हैं। जो भी उनके दिल में होता है वो बिना दुनिया की परवाह किए उसे साफ शब्दों में बयां कर देती हैं। उनका यही अंदाज उन्हें सबसे अलग बनाता है। ऐसे में एक बार फिर नीना गुप्ता ने अपनी जिन्दगी का एक ऐसा किस्सा शेयर किया है जो लोगों की आंखे खोल देगा। ये इंडस्ट्री ऐसी है कि यहां लोग दोस्त तक मदद नहीं करते। ऐसा ही कुछ नीना गुप्ता के साथ भी हुआ। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया कि आखिर बॉलीवुड में सर्वाइव करने के लिए किसी भी कलाकार के लिए सबसे जरूरी क्या है? एक्ट्रेस का मानना है कि बॉलीवुड में नम्री से चलना काम नहीं आता।



इसी के साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे उनके एक दोस्त ने अपनी फिल्म में उन्हें काम देने से मना कर दिया और किसी और को कास्ट कर लिया था। नीना ने कहा-मेरा एक बहुत अच्छा दोस्त फिल्म बना रहा था। मुझे पता चला कि वे लंदन में शूटिंग कर रहे हैं, उनके साथ मैंने लेडीज स्पेशल की थी। जब मुझे पता चला कि उस फिल्म में एक रोल है जो मेरी उम्र की महिला का है, तो मैंने उनसे बात की। इस रोल के लिए उन्होंने किसी और को ले लिया था। जब मैंने उन्हें फोन किया और पूछा कि तूने मुझे नहीं लिया? तो उसने जवाब में कहा, मुझे याद नहीं आया।यानी ये भी होता है कि ध्यान नहीं होता। मैंने अपने इतने सालों के एक्सपीरियंस में यही सीखा कि आपको बेशर्म होना पड़ता है। जो हमें मोडेस्टी सिखाता है, वो सही पॉलिसी नहीं है। अपना डंका खुद ही बजाना पड़ता है। कहना पड़ता है कि मैं अच्छी हूं, मुझे इस रोल में ले लो।

# आलिया भट्ट के नक्शेकदम पर चलने को तैयार हुए रणबीर कपूर, हॉलीवुड डेब्यू को लेकर कह दी ये बात

**बॉलीवुड एक्टर रणबीर** कपूर अपनी फिल्मों के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में बने रहते हैं। रणबीर हाल ही में बेटी के पिता बने हैं। आखिरी बार एक्टर अपनी फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आए थे। इस फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया और बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई की थी। अब इसी बीच रणबीर कपूर ने सऊदी अरब के जेद्दा में ऑर्गनाइज रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में शिरकत की। इस इवेंट में एक्टर ने खुलकर अपनी पसंद और नापसंद को लेकर बात की। इस वक्त सऊदी के जेद्दा में ऑर्गनाइज रेड सी इंटरनेशनल



फिल्म फेस्टिवल आयोजित किया गया है जिसमें एक के बाद एक बॉलीवुड स्टार्स शिरकत कर रहे हैं। हाल ही में करीना कपूर खान और सैफ अली खान इस इवेंट में पहुंचे थे, वहीं अब अपनी बहन करीना के बाद रणबीर कपूर भी इस इवेंट में पहुंचे। इस दौरान एक्टर खुलकर अपने फ्यूचर प्लान को लेकर बात करते दिखें। इवेंट में रणबीर से उनके फ्यूचर प्लान को लेकर सवाल पूछा गया जिसके जवाब में एक्टर ने कहा, मैं हमेशा से एक फिल्म का डायरेक्टर बनकर उसका निर्माण करना चाहता था। मगर हकिकत में कहानी लिखने का हिम्मत मुझमें नहीं है। मैंने हमेशा एक कहानी के स्वाभाविक रूप से मुझ तक आने का इंतजार किया है। वहीं इस दौरान एक्टर से उनके हॉलीवुड डेब्यू को लेकर भी सवाल किया गया।

# हिना खान संग आग की तरह फैल रही ब्रेकअप की खबर पर रॉकी ने फेका पानी, खुलेआम दिखा इनका रोमांस

**टीवी की मशहूर डिवा** हिना खान इन दिनों अपने ब्रेकअप की रूमर्स के चलते सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में एक्ट्रेस के एक पोस्ट ने सभी को हैरान कर दिया। हिना को अचानक धोखे की बात करते देख सभी को ऐसा लगा कि शायद हिना का उनके लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल से ब्रेकअप हो गया है। लोगों ने तो ये भी अंदाजा लग लिया कि रॉकी ने हिना को रिलेशनशिप में धोखा दिया है। बस फिर इनके ब्रेकअप की रूमर्स हर गली, हर शहर में उड़ने लगी। वहीं अभी तक इन दोनों ने इस मुद्दे पर कोई भी रिएक्शन नहीं दिया था। लेकिन अब आखिरकार रॉकी ने सच क्या है ये दुनिया को बता ही दिया। रॉकी



जायसवाल ने सोशल मीडिया पर कुछ ऐसा पोस्ट किया जिसके बाद उन पर उठ रही हर उंगली अब थम गई है। अब लोगों को उनके सवालों के सभी जवाब मिल गए हैं। अब किसी को कोई कन्फ्यूजन नहीं रही। दरअसल, ब्रेकअप की अफवाहों के बीच रॉकी ने हिना के साथ सोशल मीडिया पर कुछ रोमांटिक तस्वीरें शेयर की हैं। ये तस्वीरें उनके वेकेशन की हैं, जिसमें कपल क्रूज पर रोमांस करता दिख रहा है। बैकग्राउंड में सनसेट इस तस्वीर को और भी रोमांटिक बना रहा है। वहीं इस फोटो के कैप्शन में रॉकी ने लिखा, शहम एक हैं। हिना खान तुम मेरा घर हो... हमेशा हम, हमेशा हीरो। इसके अलावा उन्होंने अपनी स्टोरी पर भी एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें दोनों एक-दूसरे को अपनी बाहो में थामे प्यार में डूबे नजर आ रहे हैं। वहीं, हिना खान ने भी पोस्ट पर कमेंट कर अपने प्यार और रिश्ते पर ठप्पा लगाया है। ऐसे में अब हिना के फैंस राहत की सांस ले सकते हैं। वहीं, अब ये पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोग जमकर इस पर रिएक्ट कर रहे हैं। आपको बता दें, हिना खान और रॉकी की लव स्टोरी 13 साल पुराना हैं। इन दोनों ने साल 2009 में एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था।